11.3 विदेश स्थित कार्यालयों में कार्यरत कर्मचारियों के कर्मचारी हितों को संबंधित देशों के स्थानीय विधियों/विनियमों के अनुसार मूल्यांकित एवं लेखांकित किया गया है।

12. आय पर कर :

बैंक द्वारा भुगतान की गई वर्तमान कर तथा आस्थगित कर प्रभार की कुल राशि आय कर व्यय होता है। चालू वर्ष के कर तथा आस्थगित कर का निर्धारण आयकर अधिनियम 1961 तथा लेखा मानक 22, जो आय पर कर के लेखा से संबंधित है, ऐसा करते समय विदेश स्थित कार्यालयों द्वारा संबंधित देशों के कर नियमों के अनुसार भुगतान किए गए कर को भी शामिल किया जाता है। आस्थगित कर समायोजनों में वर्ष के दौरान आस्थगित कर आस्तियों या देयताओं में हुए परिवर्तन भी समाविष्ट है। आस्थगित कर - आस्तियों और देयताओं का आकलन वर्तमान वर्ष के कर योग्य आय और लेखा आय तथा अग्रनीत हानि के बीच के अवधिगत विभेद के प्रभाव पर विचार करते हुए किया गया है। आस्थगित कर आस्तियां और देयताएं को कर दर और कर नियमों द्वारा आंका जाता है जिसे तुलन-पत्र के दिन या उसके बाद अधिनियमन किया गया हो। आस्थगित कर आस्तियों और देयताओं में हुए परिवर्तन का प्रभाव लाभ और हानि खाते में प्रकट किया गया है। आस्थगित कर आस्तियों का अभिज्ञान प्रत्येक रिपोर्टिंग तिथि पर प्रबंधन के विवेक के आधार पर किया जाता है कि क्या उनकी वसूली होने की संभावना है/होना निश्चित है। यदि विश्वास योग्य प्रमाण से वास्तव में यह निश्चित हो जाता है कि ऐसी आस्थगित कर आस्तियों को भावी लाभ के सामने वसूल किया जा सकता है, तभी आगे ले जाई गई अनवशोषित मूल्यह्रास और कर हानियों पर आस्थगित कर आस्तियों का निर्धारण किया जाता है ।

13. प्रति शेयर आय:

13.1 बैंक आईसीएआई द्वारा जारी लेखा मानक - 20 "प्रति शेयर आय" के अनुसार प्रति शेयर मूल और कम हुई आय की रिपोर्ट करता है। प्रति शेयर मूल आय की गणना इक्विटी शेयरधारकों को प्राप्य उस वर्ष के करोपरांत निवल लाभ को उस वर्ष के लिए शेष इक्विटी शेयरों की भारित औसत संख्या से विभाजित करके की जाती है।

13.2 कम की हुई प्रति शेयर आय यह प्रदर्शित करती है कि यदि प्रतिभूतियों अथवा अन्य संविदाओं को वर्ष के दौरान जारी करने या संपरिवर्तित करने का विकल्प लिया गया तो शेयर मूल्यों में कितनी कमी आएगी। कम की हुई प्रति शेयर आय की गणना इक्विटी शेयरों की भारित औसत संख्या और कम संभावना इक्विटी शेयरों के बीच तुलना करके की जाती है।

14. प्रावधान, आकस्मिक देयताओं और आकस्मिक आस्तियां :

14.1 भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान के लेखा मानक 29 के अनुसार जारी " प्रावधान, आकस्मिक देयताएँ और आकस्मिक आस्तियाँ" में बैंक पिछले परिणाम से उद्भूत वर्तमान दायित्व होने पर ही प्रावधान शामिल करता

है, संसाधनों के संभावित बहिर्गमन का परिणामस्वरूप दायित्व के निपटान आर्थिक लाभ के समाविष्ट पर, इस दायित्व राशि का विश्वस्त प्राक्कलन किया जा सकता है।

14.2 निम्नलिखित के लिए किसी प्रावधान का समावेश नहीं किया गया है:

i. पिछले परिणाम से उद्भूत किसी सम्भावित दायित्व के लिए और बैंक के नियंत्रण से बाहर होने वाले एक या अधिक अनिश्चित भावी परिणामों की प्राप्ति या अप्राप्ति से जिसकी पुष्टि की जा सकेगी, अथवा

ii. किसी वर्तमान दायित्व के लिए, जो पिछले परिणामों से उद्भूत है, किन्तु उसे अभिज्ञान में नहीं लिया गया है, क्योंकि :-

क) यह संभव नहीं है कि दायित्व के निर्धारण में आर्थिक लाभों को समाविष्ट करने वाले संसाधनों का बहिर्गमन आवश्यक होगा, अथवा

ख) दायित्व राशि का विश्वस्त प्राक्कलन नहीं किया जा सकता. ऐसे दायित्वों को आकस्मिक देयताओं के रूप में दर्ज किया गया है।

इन दायित्वों का नियमित अंतरालों पर मूल्यांकन किया जाता है और ऐसे दायित्व के केवल उस अंश का, जिसके आर्थिक लाभों को समाविष्ट करने वाले संसाधनों के बहिर्गमन की संभावना है, नितान्त दुर्लभ परिस्थितियों, जिनमें कोई विश्वस्त प्राक्कलन नहीं किया जा सकता, के अलावा प्रावधान किया गया है।

14.3 बैंक के डेबिट कार्ड धारकों को दिये जाने वाले रिवार्ड पॉइंट्स के लिए प्रावधान बीमांकक के आकलन के अनुसार किया जा रहा है।

14.4 आकस्मिक आस्तियों को वित्तीय विवरणों में शामिल नहीं किया गया है।

15. सर्राफा लेनदेन:

बैंक अपने ग्राहकों को बेचने के लिए परेषण आधार पर बहुमूल्य धातु बारों समेत सर्राफा का आयात करता है। ये आयात सामान्यता दुतरफा आधार पर होते हैं एवं ग्राहकों के लिए इनकी कीमत आपूर्तिकर्ता के द्वारा मांगी गई कीमत के आधार पर तय होती है। बैंक इस तरह के सर्राफा लेनदेन पर कुछ फीस के रूप में आय प्राप्त करता है। इस फीस की गणना कमीशन आय के अंतर्गत होती है। बैंक खुदरा ग्राहकों को भी सर्राफा मदें बेचता है। बैंक सोना जमा करने के लिए लेता है इस पर उधार भी देता है, जिसे जमा/ अग्रिम (जो भी हो) माना जाता है। इसमें भुगतान किए गए/ प्राप्त ब्याज को ब्याज व्यय/आय के रूप में श्रेणीबद्ध किया जाता है। स्वर्ण जमाओं, बहुमूल्य धातु (मेटल) ऋण अग्रिमों और अंतिम स्वर्ण शेषों का मूल्य तुलन-पत्र की तिथि को उपलब्ध बाजार दर के आधार पर निकाला जाता है।

16. विशेष आरक्षित निधि :

राजस्व एवं अन्य निधियों में आयकर अधिनियम 1961 की धारा 36 (i) (viii) के अंतर्गत सृजित विशेष आरक्षित निधि भी शामिल है। बैंक के निदेशक बोर्ड ने एक संकल्प पारित कर इस आरक्षित निधि के सृजन के लिए अनुमोदन किया है और यह भी पुष्टि की है कि उसका इस विशेष आरक्षित निधि से आहरण करने की कोई मंशा नहीं है।

17. शेयर जारी करने का व्यय :

शेयर जारी करने के व्यय शेयर प्रीमियम खाते में खर्च के रूप में दिखाये गए हैं।

अनुसूची- 18

लेखा-टिप्पणियाँ

18.1 पूंजी:

1. पूंजी अनुपात:

बेसल - II के अनुसार (राशि ₹ करोड़ में)

क्र. सं.	मदें	31 मार्च 2016 की स्थिति के अनुसार	31 मार्च 2015 की स्थिति के अनुसार
(i)	सामान्य इक्विटी टियर 1 पूंजी अनुपात (%)	अप्रयोज्य	
(ii)	टियर 1 पूंजी-अनुपात (%)	10.41%	10.10%
(iii)	टियर 2 पूंजी-अनुपात (%)	3.53%	2.69%
(iv)	कुल पूंजी-अनुपात- (%)	13.94%	12.79%

बेसल - III के अनुसार

क्र. सं.	मदें	31 मार्च 2016 की स्थिति के अनुसार	31 मार्च 2015 की स्थिति के अनुसार
(i)	सामान्य इक्विटी टियर 1 पूंजी अनुपात (%)	9.81%	9.31%
(ii)	टियर 1 पूंजी अनुपात (%)	9.92%	9.60%
(iii)	टियर 2 पूंजी अनुपात (%)	3.20%	2.40%
(iv)	कुल पूंजी अनुपात (%)	13.12%	12.00%
(v)	भारत सरकार की शेयरधारिता का प्रतिशत	60.18%	58.60%
(vi)	भारत सरकार द्वारा धारित शेयरों की संख्या*	4,67,16,34,652	4,37,45,98,250
(vii)	जुटाई गई इक्विटी पूंजी	5,393.00	2,970.00*
(viii)	अतिरिक्त टियर - 1 (एटी 1) पूंजी द्वारा उगाही गई राशि में सम्मिलित है क) पीएनसीपीएस: ख) पीडीआई:	 शून्य शून्य	 शून्य शून्य
(ix)	टियर - 2 पूंजी द्वारा उगाही गई राशि में सम्मिलित क) ऋण पूंजी लिखत ख) प्रिफरेंस शेयर पूंजी लिखत: बेमियादी संचयी प्रिफरेंस शेयर (पीसीपीएस)/प्रतिदेय असंचयी प्रिफरेंस शेयर (आरएनसीपीएस)/प्रतिदेय संचयी प्रिफरेंस शेयर (आरसीपीएस)	 10,500.00 शून्य	 शून्य शून्य

1 अप्रैल 2015 को आबंटित शेयर (एटी 1 के तहत विचार किए गए) बैंक ने वित्त वर्ष 2015-16 के लिए उक्त गणना में इस विकल्प को काम में लिया है। भारतीय रिज़र्व बैंक ने अपने परिपत्र क्र. डीबीआर सं बीपी. बीसी. 83/ 21.06.201/2015-16 दिनांक 1 मार्च 2016 के द्वारा बैंकों को यह विवेकाधिकार दिया है कि ''विदेशी मुद्रा ट्रांसलेसन रिज़र्व'' और आस्थगित कर आस्ति पूंजी पर्याप्तता की गणना सीईटी-1 पूंजी अनुपात के रूप में की जाए।

2. शेयर पूंजी

क) वर्ष के दौरान बैंक ने भारत सरकार से ₹5,393.00 करोड़ (पिछले वर्ष ₹2,970 करोड़) की आवेदन राशि प्राप्त है जिसमें शेयर प्रीमियम के रूप में ₹ 5373.34 करोड़ (पिछले वर्ष ₹2,959.95 करोड़) शामिल हैं जो प्रति ₹1/- के 19,65,59,390 (पिछले वर्ष 10,04,77,012) इक्विटी शेयर के अधिमानी निर्गम के तहत प्राप्त हुई है। इक्विटी शेयरों का आबंटन 29.09-2015 को किरया गया।

ख) बैंक को ₹ 2,970.00 करोड़ की शेयर आवेदन राशि ₹2,959.95 करोड़ के शेयर प्रीमियम सहित प्रति ₹ 1 के 10,04,77,012 इक्विटी शेयर के प्रीफरेंसियल इश्यू के बदले में भारत सरकार से दिनांक 31.03.2015 को प्राप्त हुई। इक्विटी शेयर दिनांक 01.04.2015 को आबंटित किए गए।

ग) अधिकार निर्गम-2008 के भाग के रूप में दिनांक 16.07.2015 को प्रति ₹1/- के ऐसे 9,720.00 इक्विटी शेयर जारी किए गए थे, जिनका आबंटन प्रास्थगित कर दिया गया था और ₹9,720 की राशि पूंजीगत खाते में जमा की गई और ₹15,35,760 की राशि शेयर प्रीमियम खाते में जमा की गई। जारी किए गए परंतु आबंटित नहीं किए गए ऐसे प्रति ₹ 1 के शेष शेयरों की संख्या 8,21,030 रही (पिछले वर्ष 8,30,750 इक्विटी शेयर), क्योंकि उनका हक विवादित या निर्णयाधीन है।

घ) शेयर जारी करने से संबंधित खर्च: ₹8.66 करोड़ (पिछले वर्ष शून्य) शेयर प्रीमियम खाते में नामे किए गए।

3. नवोन्मेषी बेमियादी ऋण लिखत (आईपीडीआई)

संमिश्र टियर-I पूंजी के अंतर्गत आने वाले एवं बकाया आईपीडीआई का ब्योरा निम्नानुसार है :

क) विदेशी

(₹ करोड़ में)

विवरण	निर्गम तिथि	अवधि	राशि	31.03.16 को रुपए के समतुल्य	31.03.15 को रुपए के समतुल्य
एमटीएन कार्यक्रम के तहत जारी बॉण्ड - 12वीं श्रृंखला*	15.02.2007	बेमियादी नॉन-काल 10.25 वर्ष	400 मिलियन अमेरिकी डॉलर	2,650.20	2,500.00
एमटीएन कार्यक्रम के तहत जारी बॉण्ड - 14वीं श्रृंखला #	26.06.2007	बेमियादी नॉन-काल 10 वर्ष और एक दिन	225 मिलियन अमेरिकी डॉलर	1,490.74	1,406.25
योग			625 मिलियन अमेरिकी डॉलर	4,140.94	3,906.25

* यदि बैंक 15 मई 2017 तक कॉल ऑप्शन का प्रयोग नहीं करता है, तो ब्याज दर बढ़ाई जाएगी और स्थिर दर को अस्थिर दर में परिवर्तित कर दिया जाएगा।

यदि बैंक 27 जून 2017 तक कॉल ऑप्शन का प्रयोग नहीं करता है, तो ब्याज दर बढ़ाई जाएगी और स्थिर दर को अस्थिर दर में परिवर्तित किया जाएगा।

ये बॉण्ड अप्रतिभूत बॉण्ड हैं और सिंगापुर स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध किए गए हैं (एसजीएक्स-बॉण्ड बोर्ड)।

ख) देशीय: (₹ करोड़ में)

क्रम संख्या.	बॉण्ड का स्वरूप	मूल राशि	निर्गम तिथि	वार्षिक ब्याज की दर %
1	एसबीआई अपरिवर्तनीय बेमियादी बॉण्ड 2009-10 (टियर 1) श्रृंखला I	1,000.00	14.08.2009	9.10
2	एसबीआई अपरिवर्तनीय बेमियादी बॉण्ड 2009 (टियर 1) श्रृंखला II	1,000.00	27.01.2010	9.05
3	एसबीआई अपरिवर्तनीय बेमियादी बॉण्ड 2007-08	165.00	28.09.2007	10.25
योग		**2,165.00***		

* इसमें वित्त वर्ष 2009-10 के दौरान बाजार से लिए गए ₹2,000 करोड़ शामिल हैं जिसमें एसबीआई कर्मचारी पेंशन निधि द्वारा किए गए ₹550 करोड़ के निवेश को आरबीआई के अनुदेशों के अनुसार टियर-1 पूंजी के रूप में मान्यता नहीं दी गई है।

4. गौण ऋण

बॉण्ड समतुल्य पर अप्रत्याभूत, दीर्घावधि, अपरिवर्तनीय एवं रिडीम योग्य होते हैं।

बकाया गौण ऋण का ब्योरा निम्नानुसार है :

(₹ करोड़ में)

क्रम संख्या	बॉण्ड का स्वरूप	मूल राशि	निर्गम तिथि / मोचन की तारीख	वार्षिक ब्याज की दर %	परिपक्वता अवधि माह में
1	एसबीआई अपरिवर्तनीय (निजी प्लेसमेंट) ाबॉण्ड - 2006 (IX) (निम्न टियर II)	1,500.00	28.03.2007 27.06.2016	9.85	111
2	एसबीआई अपरिवर्तनीय (निजी प्लेसमेंट) बॉण्ड - 2006-07 एसबीएस (श्रृंखला II) (निम्न टियर II)	225.00	30.03.2007 30.06.2016	9.80	111
3	एसबीआई अपरिवर्तनीय (निजी प्लेसमेंट) बॉण्ड - 2008-09 (IV) (निम्न टियर II)	1,000.00	06.03.2009 06.06.2018	8.95	111
4	एसबीआई अपरिवर्तनीय (निजी प्लेसमेंट) बॉण्ड - 2008-09 (II) (निम्न टियर II)	1,500.00	29.12.2008 29.06.2018	8.40	114
5	एसबीआई अपरिवर्तनीय (निजी प्लेसमेंट) बॉण्ड - 2006 (उच्च टियर II)	2,327.90	05.06.2006 05.06.2021	8.80	180
6	एसबीआई अपरिवर्तनीय (निजी प्लेसमेंट) बॉण्ड - 2006 (II) (उच्च टियर II)	500.00	06.07.2006 06.07.2021	9.00	180
7	एसबीआई अपरिवर्तनीय (निजी प्लेसमेंट) बॉण्ड - 2006 (III) (उच्च टियर II)	600.00	12.09.2006 12.09.2021	8.96	180
8	एसबीआई अपरिवर्तनीय (निजी प्लेसमेंट) बॉण्ड - 2006 (IV) (उच्च टियर II)	615.00	13.09.2006 13.09.2021	8.97	180
9	एसबीआई अपरिवर्तनीय (निजी प्लेसमेंट) बॉण्ड - 2006 (V) (उच्च टियर II)	1,500.00	15.09.2006 15.09.2021	8.98	180
10	एसबीआई अपरिवर्तनीय (निजी प्लेसमेंट) बॉण्ड - 2006 (VI) (उच्च टियर II)	400.00	04.10.2006 04.10.2021	8.85	180
11	एसबीआई अपरिवर्तनीय (निजी प्लेसमेंट) बॉण्ड - 2006 (VII) (उच्च टियर II)	1,000.00	16.10.2006 16.10.2021	8.88	180

(₹ करोड़ में)

क्रम संख्या	बॉण्ड का स्वरूप	मूल राशि	निर्गम तिथि / मोचन की तारीख	वार्षिक ब्याज की दर %	परिपक्वता अवधि माह में
12	एसबीआई अपरिवर्तनीय (निजी प्लेसमेंट) बॉण्ड - 2006-07 एसबीआईएन (श्रृंखला IV) (उच्च टियर II)	100.00	29.12.2006 29.12.2021	8.95	180
13	एसबीआई अपरिवर्तनीय (निजी प्लेसमेंट) बॉण्ड - 2006 (VIII) (उच्च टियर II)	1,000.00	17.02.2007 17.02.2022	9.37	180
14	एसबीआई अपरिवर्तनीय (निजी प्लेसमेंट) बॉण्ड - 2006-07 एसबीआईएन (श्रृंखला V) (उच्च टियर II)	200.00	22.03.2007 22.03.2022	10.25	180
15	एसबीआई अपरिवर्तनीय (निजी प्लेसमेंट) बॉण्ड - 2007-08 (I) (उच्च टियर II)	2,523.50	07.06.2007 07.06.2022	10.20	180
16	एसबीआई अपरिवर्तनीय (निजी प्लेसमेंट) बॉण्ड - 2007-08 (II) (उच्च टियर II)	3,500.00	12.09.2007 12.09.2022	10.10	180
17	एसबीआई अपरिवर्तनीय (निजी प्लेसमेंट) बॉण्ड - 2008-09 (I) (उच्च टियर II)	2,500.00	19.12.2008 19.12.2023	8.90	180
18	एसबीआई अपरिवर्तनीय (निजी प्लेसमेंट) बॉण्ड - 2013-14 (टियर II)	2,000.00	02.01.2014 02.01.2024	9.69	120
19	एसबीआई अपरिवर्तनीय (निजी प्लेसमेंट) बॉण्ड - 2008-09 (III) (उच्च टियर II)	2,000.00	02.03.2009 02.03.2024	9.15	180
20	एसबीआई अपरिवर्तनीय (निजी प्लेसमेंट) बॉण्ड - 2008-09 (V) (उच्च टियर II)	1,000.00	06.03.2009 06.03.2024	9.15	180
21	एसबीआई अपरिवर्तनीय (निजी प्लेसमेंट) बॉण्ड - 2008-09 - एसबीआईएन (श्रृंखला VII) (उच्च टियर II)	250.00	24.03.2009 24.03.2024	9.17	180
22	एसबीआई पब्लिक इश्यू ऑफ लॉअर टियर II - अपरिवर्तनीय बॉण्ड 2010 (श्रृंखला - II)	866.92	04.11.2010 04.11.2025	9.50	180
23	एसबीआई अपरिवर्तनीय अप्रतिभूत (निजी प्लेसमेंट) बेसल - III अनुपालक टियर- 2 बॉण्ड्स 2015-16 (श्रृंखला I)	4,000.00	23.12.2015 23.12.2025	8.33	120
24	एसबीआई अपरिवर्तनीय अप्रतिभूत (निजी प्लेसमेंट) बेसल - III अनुपालक टियर- 2 बॉण्ड्स 2015-16 (श्रृंखला II)	3,000.00	18.02.2016 18.02.2026	8.45	120
25	एसबीआई पब्लिक इश्यू ऑफ लॉअर टियर II - अपरिवर्तनीय बॉण्ड 2011 रिटेल (श्रृंखला - 4)	3,937.60	16.03.2011 16.03.2026	9.95	180
26	एसबीआई पब्लिक इश्यू ऑफ लॉअर टियर II - अपरिवर्तनीय बॉण्ड 2011 नॉन-रिटेल (श्रृंखला - 4)	828.32	16.03.2011 16.03.2026	9.45	180
27	एसबीआई अपरिवर्तनीय अप्रतिभूत (निजी प्लेसमेंट) बेसल - III अनुपालक टियर- 2 बॉण्ड्स 2015-16 (श्रृंखला III)	3,000.00	18.03.2016 18.03.2026	8.45	120
28	एसबीआई अपरिवर्तनीय अप्रतिभूत (निजी प्लेसमेंट) बेसल - III अनुपालक टियर- 2 बॉण्ड्स 2015-16 (श्रृंखला IV)	500.00	21.03.2016 21.03.2026	8.45	120
	योग	**42,374.24**			

18.2 निवेश

1. बैंक के निवेशों तथा निवेशों पर हुए मूल्यह्रास के लिए रखे गए प्रावधानों के उतार-चढ़ाव का ब्योरा निम्नानुसार है:

(₹ करोड़ में)

विवरण	31 मार्च 2016 की स्थिति के अनुसार	31 मार्च 2015 की स्थिति के अनुसार
1. निवेशों का मूल्य		
i) निवेशों का सकल मूल्य		
(क) भारत में	4,37,955.05	4,51,634.98
(ख) भारत से बाहर	39,496.32	30,603.67
ii) मूल्यह्रास के लिए प्रावधान		
(क) भारत में	294.49	233.25
(ख) भारत से बाहर	59.61	246.65
iii) निवेशों का निवल मूल्य		
(क) भारत में	4,37,660.56	4,51,401.73
(ख) भारत से बाहर	39,436.71	30,357.02
2. निवेशों पर मूल्यह्रास के लिए रखे गए प्रावधानों में उतार-चढ़ाव		
i) वर्ष के प्रारंभ में शेष	479.90	1,547.81
ii) जोड़ें: वर्ष के दौरान किए गए प्रावधान	610.39	168.29
iii) घटाएं: वर्ष के दौरान उपयोग किए गए प्रावधान	293.72	511.13
iv) जोड़ें: विदेशी मुद्रा पुनर्मूल्यांकन समायोजन	18.36	33.29
v) घटाएं: वर्ष के दौरान अतिरिक्त प्रावधान का अपलेखन	460.83	758.36
vi) वर्ष की समाप्ति पर शेष	354.10	479.90

टिप्पणियां :

क) चलनिधि समायोजन सुविधा (एलएएफ) के तहत उपयोग में लाए गए ₹67,154 करोड़ (पिछले वर्ष ₹36,761 करोड़) और भारतीय रिजर्व बैंक में मार्जिनल स्टैंडिंग सुविधा (एमएफएस) के तहत काम में ली गई ₹32,000 करोड़ (पिछले वर्ष ₹ शून्य) सरकारी प्रतिभूतियों में निवेश शामिल नहीं है।

ख) ₹2,827.96 करोड़ (पिछले वर्ष ₹13,779.33 करोड़) की प्रतिभूतियाँ क्लियरिंग कारपोरेशन ऑफ इंडिया लि./ एनएससीसीएल/एमसीएक्स/यूएसईआ ईएल के पास प्रतिभूति सेटलमेंट हेतु रखी गयी है।

ग) वर्ष के दौरान बैंक ने अपनी अनुषंगियों में अतिरिक्त पूंजी लगाई है, अर्थात i) स्टेट बैंक ऑफ पटियाला में ₹799.99 करोड़, ii) एसबीआई फाउंडेशन में ₹ 1 करोड़, iii) नागालैण्ड रूरल बैंक में ₹0.97 करोड़ और iv) इलाकाई देहाती बैंक में ₹ 8.90 करोड़।

घ) वर्ष के दौरान स्टेट बैंक ऑफ त्रावणकोर ने प्रति ₹10 के इक्विटी शेयर ₹390 के प्रीमियम पर बैंक को ₹379.26 करोड़ की राशि के राइट इश्यू के अतर्गत 94,81,518 इक्वटी शेयर आबंटित किए और जिससे बैंक का हित 78.91% से बढ़कर 79.09% हो गया।

ङ) वर्ष के दौरान, बैंक ने ₹108 करोड़ के लाभ पर सीसीआईएल के 24,00,000 इक्विटी शेयर बेच दिए। जिससे बैंक का हित 26.00% से घटकर 21.20% हो गया।

2. रेपो लेनदेन (तरलता समायोजन सुविधा (एलएएफ) सहित):

वर्ष के दौरान एलएएफ सहित रेपो और प्रत्यावर्तित रेपो के अधीन विक्रय एवं क्रय की गई प्रतिभूतियों का ब्योरा निम्नानुसार है :

(₹ करोड़ में)

विवरण		वर्ष के दौरान न्यूनतम बकाया राशि	वर्ष के दौरान अधिकतम बकाया राशि	वर्ष के दौरान दैनिक औसत बकाया राशि	31 मार्च 2016 को शेष राशि
रेपो के अधीन बिक्री की गई प्रतिभूतियाँ					
i)	सरकारी प्रतिभूतियाँ	- (-)	99,581.36 (54,102.00)	17,406.51 (9,789.59)	99,581.36 (37,603.23)
ii)	कंपनी ऋण प्रतिभूतियाँ	- (-)	1,314.24 (516.56)	571.47 (258.28)	1,254.07 (-)
रिवर्स रेपो के अधीन क्रय की गई प्रतिभूतियाँ					
i)	सरकारी प्रतिभूतियाँ	- (-)	55,000.00 (22,010.12)	4,692.95 (2,434.51)	- (-)
ii)	कंपनी ऋण प्रतिभूतियाँ	- (-)	- (-)	- (-)	- (-)

(कोष्ठकों में दिए गए आंकड़े पिछले वर्ष के हैं)

3. गैर-सांविधिक तरलता अनुपात (नॉन - एसएलआर) निवेश पोर्टफोलियो

क) गैर-सांविधिक तरलता अनुपात (नॉन एसएलआर) निवेशों की निर्गमकर्ता - संरचना:

बैंक के गैर-सांविधिक तरलता अनुपात (नॉन - एसएलआर) निवेशों की निर्गमकर्ता-संरचना निम्नानुसार है:

(₹ करोड़ में)

क्रम सं.	निर्गमकर्ता	राशि	प्राइवेट प्लेसमेंट की सीमा (राशि)	''निम्न निवेश श्रेणी'' वाली प्रतिभूतियों की सीमा (राशि)*	''बिना रेटिंग वाली'' प्रतिभूतियों की सीमा (राशि)*	''असूचीबद्ध'' प्रतिभूतियों की सीमा (राशि)*
(i)	सरकारी क्षेत्र के उपक्रम	19,718.43 (14,751.97)	9,452.46 (3,445.03)	341.83 (419.01)	176.49 (418.76)	541.78 (719.01)
(ii)	वित्तीय संस्थाएं	29,826.69 (15,395.58)	18,998.39 (8,484.47)	- (-)	- (-)	200.00 (200.00)
(iii)	बैंक	15,398.01 (22,060.06)	1,256.40 (9,963.70)	1,118.15 (798.34)	23.62 -	23.62 -
(iv)	निजी कारपोरेट	23,905.24 (30,846.04)	12,464.90 (16,654.33)	2,299.54 (1,594.50)	499.93 (933.07)	78.67 (238.39)
(v)	अनुषंगियाँ/ संयुक्त उद्यम**	11,379.03 (9,785.06)	- (-)	- (-)	- (-)	- (-)
(vi)	अन्य	16,825.10 (11,745.76)	- (-)	1,219.73 (719.38)	1,147.88 (852.70)	- (749.36)
vii)	मूल्यह्रास के लिए रखा गया प्रावधान	354.10 (479.90)	- (-)	31.97 (6.05)	- (93.72)	- (62.67)
	योग	**1,16,698.40 (1,04,104.57)**	**42,172.15 (38,547.53)**	**4,947.28 (3,525.18)**	**1,847.92 (2,110.81)**	**844.07 (1,844.09)**

(कोष्ठकों में दिए गए आंकड़े पिछले वर्ष के हैं)

* इक्विटी, इक्विटी उन्मुख म्यूचुअल फंड, वेंचर कैपिटल, नियत आस्ति समर्थित प्रतिभूतियाँ, केन्द्र सरकार की प्रतिभूतियों और एआरसीआईएल में किए गए निवेशों को इन श्रेणियों के अंतर्गत इसलिए अलग-अलग विभक्त नहीं किया गया है क्योंकि इन्हें रेटिंग/लिस्टिंग दिशा-निर्देशों से छूट मिली हुई है।

** अनुषंगियों/संयुक्त उद्यमों में निवेशों को विभिन्न वर्गों में इसलिए अलग-अलग विभक्त नहीं किया गया है क्योंकि भारतीय रिज़र्व बैंक के प्रासंगिक दिशा-निर्देशों के अंतर्गत उक्त मदें नहीं आती हैं।

ख) अनर्जक गैर-सांविधिक चलनिधि अनुपात (नॉन-एसएलआर) निवेश

(₹ करोड़ में)

विवरण	चालू वर्ष	पिछला वर्ष
प्रारंभिक शेष	401.72	935.24
वर्ष के दौरान वृद्धि	52.36	48.11
वर्ष के दौरान कमी	307.84	581.63
अंतिम शेष	146.24	401.72
रखे गए कुल प्रावधान	**126.68**	**394.17**

ग) एचटीएम श्रेणी से / को प्रतिभूतियों की बिक्री एवं अंतरण

एचटीएम श्रेणी से / को प्रतिभूतियों की बिक्री एवं अंतरण का मूल्य वर्ष के प्रारम्भ में एचटीएम श्रेणी में धारित निवेश के बही मूल्य के 5% से अधिक नहीं है।

18.3 डेरीवेटिव्स:

क) वायदा दर करार / ब्याज दर विनिमय

(₹ करोड़ में)

विवरण	31 मार्च 2016 की स्थिति के अनुसार	31 मार्च 2015 की स्थिति के अनुसार
i) विनिमय करारों की आनुमानिक मूल राशि#	1,30,624.90	92,965.61
ii) प्रतिपक्षों द्वारा करार के अधीन अपने दायित्वों को पूरा करने में असफल होने पर होने वाली हानियां	2,080.00	1,945.78
iii) विनिमय में शामिल होने पर बैंक द्वारा अपेक्षित संपार्श्विक	शून्य	शून्य
iv) विनिमय से उद्भूत ऋण-जोखिम का केन्द्रीकरण	कोई महत्वपूर्ण नहीं	कोई महत्वपूर्ण नहीं
v) विनिमय-बही का उचित मूल्य	946.31	996.24

बैंक के अपने कार्यालयों के साथ प्रविष्ट आईआरएस/एफआरए की ₹11,232.11 करोड़ (पिछले वर्ष ₹14,072.53 करोड़) की कुल राशि को यहाँ नहीं दिखाया गया क्योंकि यह राशि एफसीएनबी निधि के हेजिंग के लिए रखी गई है एवं बाजार के लिए चिन्हित भी नहीं की गई है।

ख) बाजार (एक्सचेंज) में क्रय-विक्रय किए गए ब्याज-दर डेरीवेटिव्स

(₹ करोड़ में)

क्र. सं.	विवरण	चालू वर्ष	पिछला वर्ष
1	बाजार (एक्सचेंज) में क्रय-विक्रय किए गए ब्याज-दर डेरीवेटिव्स की वर्ष के दौरान आनुमानिक मूल राशि		
क	ब्याज दर वायदे	शून्य	शून्य
ख	10 वर्षीय भारत सरकार की प्रतिभूतियां	235.74	19,014.13
2	31 मार्च 2016 को बाजार (एक्सचेंज) में क्रय-विक्रय किए गए ब्याज-दर डेरीवेटिव्स की बकाया आनुमानिक मूल राशि		
क	ब्याज दर वायदे	शून्य	शून्य
ख	10 वर्षीय भारत सरकार की प्रतिभूतियां	शून्य	2.00
3	बाजार(एक्सचेंज) में क्रय-विक्रय किए गए ब्याज ३॰ डेरीवेटिव्स की आनुमानिक मूल राशि जो बकाया है और" अत्यधिक प्रभावी" नहीं है	लागू नहीं	लागू नहीं
4	बाजार(एक्सचेंज) में क्रय-विक्रय किए गए ब्याज-दर डेरीवेटिव्स का अंकित बाजार मूल्य जो बकाया है और" अत्यधिक प्रभावी" नहीं है	लागू नहीं	लागू नहीं

ग) डेरीवेटिव्स में जोखिम प्रकटीकरण (एक्सपोज़र)

(क) गुणात्मक जोखिम प्रकटीकरण (एक्सपोज़र)

i बैंक वर्तमान में ओवर द काउंटर (ओटीसी) ब्याज दर और मुद्रा डेरीवेटिव्स तथा ब्याज दर का लेनदेन करता है. बैंक द्वारा जिन ब्याज दर डेरीवेटिव्स का लेनदेन किया गया उनमें, रुपया ब्याज दर विनिमय, विदेशी मुद्रा ब्याज दर विनिमय और वायदा दर करार शामिल हैं. बैंक द्वारा जिन मुद्रा डेरीवेटिव्स का लेनदेन किया गया उनमें, मुद्रा विनिमय, रुपया डालर ऑप्शन और परस्पर-मुद्रा ऑप्शन शामिल हैं. बैंक के ग्राहकों को उत्पादों के विक्रय-प्रस्ताव, उनके निवेशों की बचाव-व्यवस्था करने के लिए दिए जाते हैं और बैंक ऐसे निवेशों हेतु बचाव-व्यवस्था करने के लिए डेरीवेटिव्स संविदाएं निष्पादित करता है. बैंक द्वारा डेरीवेटिव्स का प्रयोग क्रय-विक्रय के साथ-साथ तुलन-पत्र की मदों के लिए बचाव-व्यवस्था करने हेतु भी किया जाता है. बैंक इस प्रकार के सामान्य लिखतों का भी लेनदेन करता है. बैंक ने ग्राहकों से विकल्प सौदे और संरचनागत उत्पाद-विक्रय का लेनदेन किया है। बैंक यूएसडी/आईएनआर में विकल्प की स्थिति रखता है जिसका प्रबंधन विविध प्रकार की हानि सीमाओं और ग्रीक सीमाओं के माध्यम से किया जाता है।

ii. डेरीवेटिव्स लेनदेन में बाजार जोखिम शामिल होते हैं, अर्थात ब्याज दरों/विनिमय दरों/इक्विटी दरों में प्रतिकूल उतार-चढ़ाव के कारण बैंक को भविष्य में हानि उठानी पड़ सकती है, साथ ही ऋण जोखिम, अर्थात यदि प्रतिपक्षों द्वारा अपने दायित्वों को पूरा नहीं किया गया तो बैंक को ऋण जोखिम के रूप में भविष्य में हानि उठानी पड़ सकती है. बोर्ड द्वारा यथाविधि अनुमोदित बैंक की "डेरीवेटिव्स नीति" में बाजार जोखिम (हानि कम करने के लिए सतर्कता बिन्दु, आंरभिक राशि सीमा, अवधि, संशोधित अवधि, पीवी01, आदि) के मानदंड निर्धारित किए गए हैं. इस नीति के अंतर्गत ग्राहक पात्रता मानदंड (ऋण पात्रता निर्धारण, ऋण अवधि, सीमाएं ग्राहक सटीकता तथा नीति की उपयुक्तता (सीएएस) आदि) भी निर्धारित किए गए हैं. केवल इस नीति में निर्धारित मानदंडों पर खरें उतरने वाले प्रतिपक्षों से ही डेरीवेटिव लेनदेन करके ऋण जोखिम पर नियंत्रण किया गया है। भारतीय रिजर्व बैंक के दिशा-निर्देशों के अनुसार बैंक वीएआर आधारित सीमाओं को आधार बनाने की प्रक्रिया में है। बाध्यताओं को पूरा करने की उनकी क्षमता को ध्यान में रखते हुए समुचित ऋण-सीमा निर्धारित किया जाता है एवं बैंक ऐसे प्रत्येक प्रतिपक्ष के साथ आइएसडीए करार भी करता है।

iii. उपरोक्त जोखिमों के कुशल प्रबंधन पर बैंक की आस्ति-देयता प्रबंधन समिति (एएलसीओ) निगरानी रखती है। ट्रेजरी स्थित बैंक का मिड-ऑफिस एवं जोखिम नियंत्रण विभाग (एमओआरसी) जो कि अब बाजार जोखिम प्रबंधन विभाग (एमआरएमडी) कहलाता है, डेरीवेटिव लेनदेन से सम्बद्ध बाजार जोखिम का स्वतंत्र रूप से अभिनिर्धारण, आकलन तथा अनुवर्तन करता है एवं इन जोखिमों को नियंत्रित एवं न्यूनीकृत करने में आस्ति देयता प्रबंधन समिति (एएलसीओ) की सहायता करता है। साथ ही बोर्ड की जोखिम प्रबंधन समिति (आरएमसीबी) को नीतिगत उपाय सुझाने के साथ-साथ नियमित अंतराल पर अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत करता है।

iv. डेरीवेटिव्स के लिए लेखा-नीति भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशा-निर्देशों के अनुसार तैयार की गई है, जिसका ब्योरा वित्त वर्ष 2015-16 की प्रमुख लेखानीति (पीएपी) : अनुसूची-17 में दिया गया है।

v. विदेशी कार्यालयों में ब्याज दर विनिमय का उपयोग मुख्यतः आस्ति और देयताओं की बचाव-व्यवस्था हेतु किया जाता है।

vi. बचाव- व्यवस्था विनिमय के अतिरिक्त, विदेशी कार्यालयों के विनिमयों में, हमारे विदेशी कार्यालयों में जाने वाले परस्पर मुद्रा-विनिमय, जो ग्लोबल मार्केट्स, कोलकाता में मुख्यतः विदेशी मुद्रा अनिवासी खाता (एफसीएनआर) जमा राशियों की बचाव-व्यवस्था हेतु निष्पादित होते हैं, शामिल हैं।

vii. हमारे अधिकांश विनिमय प्रथम टियर के प्रतिपक्षी बैंकों के साथ निष्पादित होते थे।

(ख) मात्रात्मक जोखिम प्रकटीकरण (एक्सपोज़र):

(₹ करोड़ में)

मद	मुद्रा डेरीवेटिव्स		ब्याज दर डेरीवेटिव्स	
	चालू वर्ष	पिछला वर्ष	चालू वर्ष	पिछला वर्ष
(I) डेरीवेटिव्स (आनुमानिक मूल राशि)				
(क) हेड्जिंग केलिए	17,713.28@	4,450.61 @	55,699.48 #	69,056.07 #
(ख) क्रय-विक्रय के लिए*	2,32,714.53	2,42,870.49	74,925.42	62,128.01
(II) बाजार के बही-मूल्य के अनुसार स्थिति				
(क) आस्ति	3,971.40	3,152.45	1,642.57	979.00
(ख) देयता	2,145.05	2,280.85	369.89	667.47
(III) ऋण जोखिम	7,960.90	11,206.42	3,487.84	3,774.49
(IV) ब्याज दर (100*पीवी01) में एक प्रतिशत परिवर्तन का संभाव्य प्रभाव				
(क) बचाव-व्यवस्था डेरीवेटिव्स पर	-0.04	0.02	-63.09	-92.42
(ख) क्रय-विक्रय डेरीवेटिव्स पर	2.68	2.88	20.34	24.44
(V) वर्ष के दौरान (100*पीवी01 का अधिकतम एवं न्यूनतम				
(क) हेड्जिंग पर - अधिकतम	0.08	0	34.14	-79.11
- न्यूनतम	-0.04	-0.03	-44.36	-88.24
(ख) क्रय-विक्रय पर - अधिकतम	0.67	6.22	0.9	0.38
- न्यूनतम	0	0.039	-0.05	0.2225

@ बैंक के अपने विदेश स्थित कार्यालयों के साथ प्रविष्ट स्वेप्स की ₹7811.17 करोड़ (पिछले वर्ष ₹8,486.92 करोड़) की कुल राशि को यहाँ नहीं दिखाया गया क्योंकि यह राशि एफसीएनबी निधि के हेजिंग के लिए रखी गई है एवं बाजार के लिए चिन्हित भी नहीं की गई है।

बैंक के अपने कार्यालयों के साथ प्रविष्ट आईआरएस/एफआरए की ₹11,232.11 करोड़ (पिछले वर्ष ₹14,072.53 करोड़) की कुल राशि को यहाँ नहीं दिखाया गया क्योंकि यह राशि एफसीएनबी निधि के हेजिंग के लिए रखी गई है एवं बाजार के लिए चिन्हित भी नहीं की गई है।

* बैंक के विदेश स्थित कार्यालयों से किए गए वायदा लेनदेन इसमें शामिल नहीं है। करेंसी डेरीवेटिव्स- शून्य (पिछले वर्ष ₹7,757.17 करोड़) और ब्याज दर डेरिएटिव्स शून्य (पिछले वर्ष ₹ 62.39 करोड़)।

1. मार्च 31, 2016 तक ग्लोबल मार्केट्स यूनिट और अंतर्राष्ट्रीय बैंकिंग ग्रुप डिपार्टमेंट के बीच डेरीवेटिव्स व्यापार की बकाया अनुमानित राशि ₹ 19,043.28 करोड़ (पिछले वर्ष ₹30,379.01 करोड़) है और 31 मार्च 2016 तक भारतीय स्टेट बैंक के विदेश स्थित कार्यालयों के बीच किए गए डेरीवेटिव्स व्यापार की राशि ₹18,071.97 करोड़ (पिछले वर्ष ₹14,995.17 करोड़) है।

2. ब्याज दर डेरीवेटिव्स की बकाया आनुमानिक राशि, जो बाजार-बही मूल्य के अनुसार अंकित नहीं की गई है, किन्तु जहाँ 31 मार्च 2016 तक विचाराधीन आस्ति/देयताओं, जिनका बाजार-बही मूल्य के अनुसार अंकन नहीं किया गया है, की राशि ₹66,453.24 करोड़ (पिछले वर्ष ₹1,29,113.66 करोड़) है।

18.4 आस्ति-गुणवत्ता

क) अनर्जक आस्तियाँ

(₹ करोड़ में)

विवरण	31 मार्च 2016 की स्थिति के अनुसार	31 मार्च 2015 की स्थिति के अनुसार
i) कुल अग्रिमों में निवल अनर्जक आस्तियाँ (%)	3.81%	2.12%
ii) अनर्जक आस्तियों में उतार-चढ़ाव (कुल)		
(क) प्रारंभिक शेष	56,725.34	61,605.35
(ख) वर्ष के दौरान वृद्धि (नई अनर्जक आस्तियाँ)	64,198.49	29,435.02
उप-योग (I)	120,923.83	91,040.37
घटाएं:		
(ग) वर्ष के दौरान अपग्रेडेशन के कारण कमी	2,598.59	3,776.15
(घ) वसूलियों के कारण कमी (अपग्रेडेड खातों से की गई वसूलियों को छोड़कर)	4,389.18	9,235.42
ङ) तकनीकी/विवेकपूर्ण बट्टे खाता	शून्य	शून्य
(च) वर्ष के दौरान अपलेखन के कारण कमी	15,763.26	21,303.46
उप- योग (II)	22,751.03	34,315.03
(च) अंतिम शेष(I-II)	98,172.80	56,725.34
iii) निवल अनर्जक आस्तियों में उतार-चढ़ाव		
(क) प्रारंभिक शेष	27,590.58	31,096.07
(ख) वर्ष के दौरान वृद्धि	36,192.76	9,504.61
(ग) वर्ष के दौरान कमी	7,976.32	13,010.10
(घ.) अंतिम शेष	55,807.02	27,590.58
iv) निवल अनर्जक आस्तियों की प्रावधान राशि में उतार-चढ़ाव		
(क) प्रारंभिक शेष	29,134.76	30,509.28
(ख) वर्ष के दौरान किए गए प्रावधान	28,005.73	19,930.41
(ग) अतिरिक्त प्रावधानों का अपलेखन/प्रतिलेखन	14,774.71	21,304.93
(घ) अंतिम शेष	42,365.78	29,134.76

प्रारंभिक शेष एवं अंतिम शेष में प्राप्त एवं स्थगित ईसीजीसी दावे शामिल हैं और बकाया समायोजन राशि क्रमशः ₹ 62.64 करोड़ (पिछले वर्ष ₹ 69.30 करोड़) और ₹ 67.27 करोड़ (पिछले वर्ष ₹ 62.64 करोड़) है।

ख) पुनर्संरचित खाते

क्र. सं.	पुनर्संरचना के तरीके		सीडीआर व्यवस्था के अधीन (1)					एसएमई ऋण पुनर्संरचना के अधीन (2)				
	आस्ति वर्गीकरण मानक		मानक	अवमानक	संदिग्ध	हानिप्रद	कुल	मानक	अवमानक	संदिग्ध	हानिप्रद	कुल
	विवरण											
1	1 अप्रैल 2015 तक पुनर्संरचित खाते (प्रारंभिक स्थिति)	उधारकर्ताओं की सं.	121	7	47	2	177	315	90	107	11	523
			(110)	(13)	(40)	(3)	(166)	(483)	(35)	(78)	(9)	(605)
		बकाया राशि	25,079.31	999.76	5,035.94	477.48	31,592.49	3,325.56	369.03	2,202.13	85.28	5,982.00
			(21,134.61)	(836.09)	(5,066.44)	(499.74)	(27,536.80)	(3,834.26)	(251.71)	(1,209.96)	(86.17)	(5,382.10)
		संबंधित प्रावधान	1,847.05	103.90	183.40	47.65	2,182.00	121.85	9.95	71.77	-	203.58
			(1636.32)	(60.34)	(520.73)	(0.10)	(2217.49)	(117.21)	(22.89)	(169.89)	(0.04)	(310.03)
2	चालू वित्त वर्ष के दौरान नए पुनर्संरचित खाते	उधारकर्ताओं की सं.	2	-	3	-	5	22	5	10	1	38
			(47)	(4)	(8)	(-)	(59)	(97)	(29)	(20)	(1)	(147)
		बकाया राशि	1,679.91	2.46	393.89	92.71	2,168.97	143.57	12.54	28.47	-	184.58
			(8208.93)	(839.32)	(648.19)	(-)	(9696.44)	(1616.65)	(194.15)	(364.74)	(1.14)	(2176.68)
		संबंधित प्रावधान	-183.63	-5.69	46.15	2.58	-140.59	4.18	1.17	1.65	-	7.00
			(664.08)	(90.44)	(14.81)	(-)	(769.33)	(82.76)	(6.98)	(2.67)	(-)	(92.40)
3	चालू वित्त वर्ष के दौरान पुनर्संरचित मानक श्रेणी में अपग्रेड होना	उधारकर्ताओं की सं.	2	-	-1	-1	-	5	-	-5	-	-
			(5)	(-2)	(-3)	(-)	(-)	(2)	(-)	(-2)	(-)	(-)
		बकाया राशि	217.44	-	107.47	-324.91	-	58.68	-14.62	-44.06	-	-
			(699.09)	(-38.09)	(-660.99)	(-)	(-)	(3.87)	(-)	(-3.87)	(-)	(-)
		संबंधित प्रावधान	6.05	-	23.27	-29.32	-	2.25	-0.03	-2.22	-	-
			(29.74)	(-1.49)	(-28.26)	(-)	(-)	(-)	(-)	(-)	(-)	(-)
4	ऐसे पुनर्संरचित मानक अग्रिम जिनके लिए वित्त वर्ष के अंत में अतिरिक्त प्रावधान तथा/ अथवा जोखिम प्रभार रखने की आवश्यकता नहीं रह गई हो उनको अगले वित्त वर्ष के पुनर्संरचित मानक अग्रिम के रूप में दिखने की आवश्यकता नहीं है।	उधारकर्ताओं की सं.	-16	-	-	-	-16	-79	-	-	-	-79
			(-20)				(-20)	(-68)				(-68)
		बकाया राशि	-968.10				-968.10	-612.91				-612.91
			(-1800.54)				(1800.54)	(-243.42)				(-243.42)
		संबंधित प्रावधान	-41.87				-41.87	-1.77				-1.77
			(-76.29)				(-76.29)	(-3.12)				(-3.12)

क्र. सं.	पुनर्संरचना के तरीके		सीडीआर व्यवस्था के अधीन (1)					एसएमई ऋण पुनर्संरचना के अधीन (2)				
	आस्ति वर्गीकरण मानक		मानक	अवमानक	संदिग्ध	हानिप्रद	कुल	मानक	अवमानक	संदिग्ध	हानिप्रद	कुल
	विवरण											
5	चालू वित्त वर्ष के दौरान पुनर्संरचित खातों का डाउन ग्रेडेसन	उधारकर्ताओं की सं.	-35	-3	34	4	-	-31	-7	29	9	-
			(-16)	(-4)	(17)	(3)	(-)	(-90)	(39)	(43)	(8)	(-)
		बकाया राशि	-9,512.83	-760.38	10,252.24	20.97	-	-588.47	223.45	303.16	61.86	-
			(-2,725.7)	(-268.98)	(2,517.19)	(477.49)	(-)	(-1,177.97)	(23.53)	(904.13)	(250.32)	(-)
		संबंधित प्रावधान	-537.57	-80.29	637.83	-19.97	-	-33.32	13.96	19.36	-	-
			(-122.91)	(-12.37)	(87.62)	(47.66)	(-)	(-31.35)	(-10.32)	(24.32)	(17.35)	(-)
6	चालू वित्त वर्ष के दौरान पुनर्संरचित खातों का अपलेखन	उधारकर्ताओं की सं.	-12	-1	-9	-2	-24	-46	-42	-18	-10	-116
			(-5)	(-4)	(-15)	(-4)	(-28)	(-109)	(-13)	(-32)	(-7)	(-161)
		बकाया राशि	-2,309.70	-22.41	-1,744.12	-30.02	-4,106.25	-579.50	-145.41	-341.16	-115.58	-1,181.65
			(-437.08)	(-368.57)	(-2,534.90)	(-499.74)	(3,840.28)	(-707.83)	(-100.36)	(-272.82)	(-252.35)	(-1,333.36)
		संबंधित प्रावधान	-310.88	-4.28	-478.76	-	-793.92	-43.70	-6.81	13.65	-	-36.86
			(-283.90)	(-33.03)	(-411.51)	(-0.10)	(-728.53)	(-43.64)	(-9.59)	(-125.10)	(-17.39)	(-195.73)
7	31 मार्च 2016 तक कुल पुनर्संरचना खाते (अंतिम स्थिति)	उधारकर्ताओं की सं.	62	3	74	3	142	186	46	123	11	366
			(121)	(7)	(47)	(2)	(177)	(315)	(90)	(107)	(11)	(523)
		बकाया राशि	14,186.03	219.43	14,045.42	236.23	28,687.11	1,746.93	444.99	2,148.54	31.56	4,372.02
			(25,079.31)	(999.76)	(5,035.94)	(477.49)	(31,592.49)	(3,325.56)	(369.03)	(2,202.13)	(85.28)	(5,982.00)
		संबंधित प्रावधान	779.15	13.64	411.89	0.94	1,205.62	49.49	18.24	104.21	-	171.95
			(1,847.05)	(103.90)	(183.40)	(47.66)	(2,182.00)	(121.85)	(9.95)	(71.77)	(-)	(203.58)

क्र. सं.	पुनर्संरचना के तरीके		अन्य (3)					योग (1+2+3)				
	आस्ति वर्गीकरण मानक		मानक	अवमानक	संदिग्ध	हानिप्रद	कुल	मानक	अवमानक	संदिग्ध	हानिप्रद	कुल
	विवरण											
1	1 अप्रैल 2015 तक पुनर्संरचित खाते (प्रारंभिक स्थिति)	उधारकर्ताओं की सं.	676	1,273	1,351	463	3,763	1,112	1,370	1,505	476	4,463
			(3771)	(1088)	(750)	(77)	(5686)	(4364)	(1136)	(868)	(89)	(6457)
		बकाया राशि	27,437.97	770.82	5,140.13	305.27	33,654.17	55,842.83	2,139.61	12,378.20	868.03	71,228.67
			(18081.60)	(1,829.00)	(5,942.25)	(165.81)	(26,018.68)	(43,050.49)	(2,916.8)	(12,218.66)	(751.72)	(58,937.66)
		संबंधित प्रावधान	1,095.69	12.58	138.97	5.73	1,252.98	3,064.59	126.43	394.15	53.39	3,638.56
			(662.79)	(173.87)	(283.00)	(3.66)	(1,123.32)	(2,416.31)	(257.10)	(973.62)	(3.81)	(3,650.84)
2	चालू वित्त वर्ष के दौरान नए पुनर्संरचित खाते	उधारकर्ताओं की सं.	105	252	73	19	449	129	257	86	20	492
			(364)	(288)	(580)	(119)	(1351)	(508)	(321)	(608)	(120)	(1557)
		बकाया राशि	6,497.48	65.63	284.39	102.82	6,950.32	8,320.96	80.63	706.75	195.54	9,303.88
			(14,711.51)	(374.93)	(1,343.34)	(469.19)	(16,898.97)	(24,537.09)	(1,408.40)	(2,356.27)	(470.33)	(28,772.09)
		संबंधित प्रावधान	15.54	4.62	3.25	0.18	23.59	-163.92	0.10	51.04	2.77	-110.01
			(713.32)	(16.16)	(302.36)	(47.07)	(1,078.90)	(1,460.15)	(113.58)	(319.84)	(47.07)	(1,940.63)
3	चालू वित्त वर्ष के दौरान पुनर्संरचित मानक श्रेणी में अपग्रेड होना	उधारकर्ताओं की सं.	13	1	4	-18	-	20	1	-2	-19	-
			(7)	(-3)	(-3)	(-1)	(-)	(14)	(-5)	(-8)	(-1)	(-)
		बकाया राशि	373.49	-2.06	-322.69	-48.74	-	649.61	-16.67	-259.29	-373.65	-
			(273.81)	(-229.23)	(-0.05)	(-44.52)	(-)	(976.76)	(-267.32)	(-664.92)	(-44.52)	(-)
		संबंधित प्रावधान	13.90	-	-10.94	-2.96	-	22.20	-0.03	10.11	-32.28	-
			(-)	(1.17)	(-1.17)	(-)	(-)	(29.74)	(-0.32)	(-29.43)	(-)	(-)
4	ऐसे पुनर्संरचित मानक अग्रिम जिनके लिए वित्त वर्ष के अंत में अतिरिक्त प्रावधान तथा / अथवा जोखिम प्रभार रखने की आवश्यकता नहीं रह गई हो उनको अगले वित्त वर्ष के पुनर्संरचित मानक अग्रिम के रूप में दिखने की आवश्यकता नहीं है।	उधारकर्ताओं की सं.	-51	-	-	-	-51	-146	-	-	-	-146
			(-385)				(-385)	(-473)				(-473)
		बकाया राशि	-3,065.11				-3,065.11	-4,646.12				-4,646.12
			(-1,301.54)				(-1,301.54)	(-3,345.5)				(-3,345.5)
		संबंधित प्रावधान	-117.18				-117.18	-160.82				-160.82
			(-34.20)				(-34.20)	(-113.61)				(-113.61)

5	चालू वित्त वर्ष के दौरान पुनर्संरचित खातों का डाउन ग्रेडेसन	उधारकर्ताओं की सं.	-203	-832	1,132	-97	-	-269	-842	1,195	-84	-
			(-1112)	(465)	(302)	(345)	(-)	(-1218)	(500)	(362)	(356)	(-)
		बकाया राशि	-5,583.94	291.06	5,332.77	-39.89	-	-15,685.24	-245.88	15,888.18	42.94	-
			(-2,429.7)	(-285.92)	(2,479.08)	(236.53)	(-)	(-6,333.37)	(-531.37)	(5,900.40)	(964.34)	(-)
		संबंधित प्रावधान	-256.08	5.21	253.79	-2.92	-	-826.97	-61.12	910.99	-22.90	-
			(-58.40)	(0.24)	(54.22)	(3.94)	(-)	(-212.65)	(-22.45)	(166.16)	(68.95)	(-)
6	चालू वित्त वर्ष के दौरान पुनर्संरचित खातों का अपलेखन	उधारकर्ताओं की सं.	-239	-174	-224	-277	-914	-297	-217	-251	-289	-1,054
			(-1,969)	(-565)	(-278)	(-77)	(-2,889)	(-2,083)	(-582)	(-325)	(-88)	(-3,078)
		बकाया राशि	-2,537.47	-546.72	-1,223.85	-173.28	-4,481.31	-5,426.67	-714.53	-3,309.13	-318.91	-9,769.24
			(-1,897.74)	(-917.96)	(-4,624.5)	(-521.74)	(-7,961.95)	(-3,042.65)	(-1,386.89)	(-7,432.22)	(-1,273.83)	(-1,3135.59)
		संबंधित प्रावधान	-348.84	-15.28	-354.53	(-)	-718.65	-703.40	-26.36	-819.66	-0.00	-1,549.42
			(-187.81)	(-178.86)	(-499.44)	(-48.93)	(-915.04)	(-515.35)	(-221.48)	(-1,036.05)	(-66.43)	(-1,839.30)
7	31 मार्च 2016 तक कुल पुनर्संरचना खाते (अंतिम स्थिति)	उधारकर्ताओं की सं.	301	520	2,336	90	3,247	549	569	2,533	104	3,755
			(676)	(1,273)	(1,351)	(463)	(3,763)	(1,112)	(1,370)	(1,505)	(476)	(4,463)
		बकाया राशि	23,122.42	578.73	9,210.75	146.17	33,058.07	39,055.37	1,243.16	25,404.71	413.95	66,117.19
			(27,437.97)	(770.82)	(5,140.13)	(305.27)	(33,654.17)	(55,842.83)	(2,139.61)	(12,378.20)	(868.03)	(71,228.67)
		संबंधित प्रावधान	403.03	7.13	30.54	0.03	440.73	1,231.68	39.02	546.63	0.98	1,818.31
			(1,095.69)	(12.58)	(138.97)	(5.73)	(1,252.98)	(3,064.59)	(126.43)	(394.14)	(53.39)	(3,638.56)

टिप्पणी :

1. वर्ष के दौरान वर्तमान पुनर्संरचित ऋणियों को ₹4,731.20 करोड़ (पिछले वर्ष ₹ 3,491.65 करोड़) की अतिरिक्त संस्वीकृति दी गयी है।
2. ₹4,398.11 करोड़ (पिछले वर्ष ₹ 3794.15 करोड़) की बंदी और ₹4,413.95 करोड़ (पिछले वर्ष ₹ 3827.03 करोड़) की बकाया शेष में घटाई गयी राशि को बट्टे खाते में शामिल किया गया है।
3. उच्च प्रावधान के लिए निकाली गई मानक आस्तियाँ कुल योग के कॉलम में शामिल नहीं की गयी है।

ग) तकनीकी रूप से बट्टे खाते डाले गए खाते और उनके संबंध में की गई वसूलियों का ब्योरा :

(₹ करोड़ में)

विवरण	चालू वर्ष	पिछला वर्ष
i) 1 अप्रैल को तकनीकी / विवेकपूर्ण बट्टे खातों का प्रारंभिक शेष	शून्य	शून्य
ii) योग :तकनीकी / विवेकपूर्ण बट्टे खाते	शून्य	शून्य
iii) उप कुल (क)	शून्य	शून्य
iv) घटाएँ : वर्ष के दौरान पिछले तकनीकि / विवेकपूर्ण बट्टे खातों से की गई वसूली (ख)	शून्य	शून्य
v) 31 मार्च तक अंतिम शेष (क - ख)	शून्य	शून्य

घ) आस्ति पुनर्निर्माण के लिए प्रतिभूतिकरण कंपनी (एससी)/ पुनर्निर्माण कंपनी (आरसी) को बिक्री की गई वित्तीय आस्तियों का ब्योरा

(₹ करोड़ में)

विवरण	चालू वर्ष	पिछला वर्ष
i) खातों की संख्या	46,399	5,904
ii) प्रतिभूतिकरण कंपनी/पुनर्निर्माण कंपनी (एससी/आरसी) को बिक्री किए गए खातों का कुल मूल्य (प्रावधान घटाकर)	1,500.88	6,981.42
iii) समग्र प्रतिफल*	1,007.63	4,406.07
iv) पूर्ववर्ती वर्षों में अंतरित खातों के संबंध में प्राप्त अतिरिक्त प्रतिफल	शून्य	शून्य
v) निवल बही मूल्य से अधिक कुल लाभ/(हानि)#	(493.25)	(2,575.35)

*भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशा-निर्देशों के अनुसार, प्रतिफल के भाग स्वरूप प्राप्त प्रतिभूति रसीदों को निवल बही मूल्य/अंकित मूल्य कीमत से कम आंका गया है।

इसमें ₹ 0.52 करोड़ (पिछले वर्ष ₹ 7.52 करोड़) की राशि जो खर्च/ (ब्याज) खाता में जमा किया गया है, भी शामिल है।

ङ) प्रतिभूतिकरण कंपनी (एससी) / पुनर्निर्माण कंपनी (आरसी) को बेची गई अनर्जक आस्तियों के सामने प्रतिभूति रसीदों में किए गए निवेश का ब्योरा।

(₹ करोड़ में)

	बैंक द्वारा अंतर्निहित स्वरूप में बेची गई अनर्जक आस्तियों द्वारा संरक्षित		अंतर्निहित स्वरूप में अन्य बैंकों/वित्तीय संस्थाओं/गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों द्वारा बेची गई अनर्जक आस्तियों द्वारा संरक्षित		योग	
विवरण	चालू वर्ष	पिछला वर्ष	चालू वर्ष	पिछला वर्ष	चालू वर्ष	पिछला वर्ष
31 मार्च 2016 तक प्रतिभूति प्राप्ति में निवेशों का बही-मूल्य	5,425.63	4,703.28	27.19	30.07	5,452.82	4,733.35
वर्ष के दौरान प्रतिभूति प्राप्ति में किए निवेशों का बही-मूल्य	783.92	3,337.48	2.65	2.05	786.57	3,339.53

च) प्रतिभूतीकरण कंपनी/पुनर्निर्माण कंपनी को बेची गई अनर्जक आस्तियों के कारण हुए लाभ एवं हानि खाते में प्रतिवर्तित किया गया अतिरिक्त प्रावधान

राशि ₹ करोड़ में

विवरण	31 मार्च 2016 को	31 मार्च 2015 को
अनर्जक आस्तियों की बिक्री के मामले में लाभ एवं हानि खाते में प्रतिवर्तित किया गया अतिरिक्त प्रावधान	11.70	177.42

छ) क्रय की गई अनर्जक वित्तीय आस्तियों का ब्योरा :

(₹ करोड़ में)

विवरण	चालू वर्ष	पिछला वर्ष
1) (क) वर्ष के दौरान क्रय किए गए खातों की सं.	शून्य	शून्य
(ख) कुल बकाया राशि	शून्य	शून्य
2) (क) इनमें से वर्ष के दौरान पुनर्संरचनागत खातों की संख्या	शून्य	शून्य
(ख) कुल बकाया राशि	शून्य	शून्य

ज) बिक्री की गई अनर्जक वित्तीय आस्तियों का ब्योरा :

(₹ करोड़ में)

विवरण	चालू वर्ष	पिछला वर्ष
1) बिक्री किए गए खातों की सं.	45,331	1,825
2) कुल बकाया राशि	2,168.54	10,852.55
3) प्राप्त की गई कुल प्रतिफल राशि	955.62	4,294.60

झ) मानक आस्तियों पर प्रावधान :

बैंक द्वारा मानक आस्तियों पर किया गया प्रावधान निम्नानुसार है :

(₹ करोड़ में)

विवरण	31 मार्च 2016 की स्थिति के अनुसार	31 मार्च 2015 की स्थिति के अनुसार
मानक आस्तियों के लिए किए गए प्रावधान	11,188.59	9,018.36

ञ) व्यवसाय अनुपात:

विवरण	चालू वर्ष	पिछला वर्ष
i. कार्यशील निधियों की तुलना में ब्याज आय का प्रतिशत	7.27%	7.61%
ii. कार्यशील निधियों की तुलना में ब्याजेतर आय का प्रतिशत	1.25%	1.13%
iii. कार्यशील निधियों की तुलना में परिचालन लाभ का प्रतिशत	1.92%	1.94%
iv. आस्तियों पर आय*	0.46%	0.68%
v. प्रति कर्मचारी व्यवसाय (जमा राशियाँ एवं अग्रिम जोड़कर) (₹ करोड़ में)	14.11	12.34
vi. प्रति कर्मचारी लाभ (₹ हजार में)	470.27	602.00

* (निवल आस्ति आधार पर)

ट) आस्ति देयता प्रबंधन : 31 मार्च 2016 की स्थिति के अनुसार आस्तियों और देयताओं की कुछ मदों की परिपक्वता का स्वरूप

(₹ करोड़ में)

	1 दिन	2 से 7 दिन	8 से 14 दिन	15 से 28 दिन	29 दिन से 3 मास	3 मास से अधिक किंतु 6 मास तक	6 मास से अधिक किंतु 1 वर्ष तक	1 वर्ष से अधिक किंतु 3 वर्ष तक	3 वर्ष से अधिक किंतु 5 वर्ष तक	5 वर्ष से अधिक	योग
जमाराशियाँ	32,254.69	31,224.38	18,964.10	26,786.00	91,505.07	1,42,701.27	3,29,433.98	4,06,204.54	1,59,306.39	4,92,342.02	17,30,722.44
	(57,851.81)	(26,454.50)	(18,078.37)	(26,277.89)	(93,336.98)	(1,39,455.40)	(2,28,347.53)	(3,74,749.76)	(1,68,526.42)	(4,43,714.53)	(15,76,793.25)
अग्रिम	81,248.64	10,318.80	8,806.38	17,512.55	89,543.50	51,218.22	66,019.16	6,65,803.22	1,75,530.67	2,97,699.28	14,63,700.42
	(93,953.48)	(6,324.43)	(11,181.43)	(16,981.77)	(68,614.55)	(73,835.91)	(85,919.15)	(6,42,058.59)	(1,27,338.29)	(1,73,818.79)	(13,00,026.39)
निवेश	0.70	639.94	1,023.78	1,589.66	12,513.13	10,767.42	19,519.25	89,293.75	57,136.04	2,84,613.61	4,77,097.28
	(-)	(829.89)	(3,679.12)	(5,522.64)	(17,160.51)	(15,385.63)	(17,946.26)	(69,307.56)	(80,867.00)	(2,71,060.14)	(4,81,758.75)
उधार-राशियाँ	2,111.64	9,264.22	3,753.41	16,751.13	55,712.26	25,352.81	17,601.19	31,350.48	16,574.17	45,719.28	2,24,190.59
	(11,052.35)	(14,325.60)	(3,967.91)	(14,275.11)	(43,859.71)	(24,441.00)	(19,666.56)	(20,958.59)	(16,620.43)	(35,983.03)	(2,05,150.29)
विदेशी मुद्रा आस्तियाँ#	78,671.10	1,495.59	990.85	7,330.95	30,412.64	19,118.60	20,894.87	59,109.37	65,118.64	47,100.93	3,30,243.54
	(81,569.01)	(1,910.62)	(2,541.70)	(7,449.89)	(17,120.90)	(28,290.16)	(21,562.61)	(49,095.23)	(44,185.46)	(39,850.95)	(2,93,576.53)
विदेशी मुद्रा देयताएँ	28,569.54	9,803.31	4,293.14	20,231.25	62,665.39	36,463.27	52,236.94	59,586.10	32,578.57	10,116.16	3,16,543.67
	(33,991.88)	(14,174.37)	(4,943.86)	(17,085.47)	(52,563.89)	(34,153.04)	(39,677.83)	(52,273.23)	(34,428.42)	(7,999.68)	(2,91,291.67)

विदेशी मुद्रा आस्तियाँ, अग्रिम एवं निवेश (उनकी प्रावधान राशि को घटाकर) को दर्शाते हैं

$ विदेशी मुद्रा देयताएँ, ऋण एवं जमा को दर्शाते हैं

(कोष्ठक में दिए गए आंकड़े 31 मार्च 2015 के हैं)

18.5 एक्सपोजर

बैंक उन क्षेत्रों को ऋण प्रदान कर रहा है, जिनके आस्ति मूल्य में उतार-चढ़ाव होता रहताहै।

क) स्थावर संपदा क्षेत्र

(₹ करोड़ में)

विवरण	31 मार्च 2016 की स्थिति के अनुसार	31 मार्च 2015 की स्थिति के अनुसार
I) प्रत्यक्ष ऋण-जोखिम		
i) आवासीय बंधक	2,06,765.40	1,83,082.23
ऋण जो आवासीय संपत्ति के बंधक द्वारा पूरी तरह सुरक्षित है यथा आवासीय संपत्ति प्राप्त हैं या प्राप्त होंगी या जो किराए पर हैं।	2,06,765.40	1,83,082.23
जिनमें से आवासीय इकाई खरीदने के लिए प्रति परिवार महानगरी क्षेत्रों (10 लाख से कम की जनसंख्या वाले) में ₹ 25 लाख तक एवं अन्य केंद्रों में ₹15 लाख तक प्राथमिक क्षेत्र के अग्रिमों में गिने जाएंगे	1,04,934.43	94,330.55
ii) वाणिज्यिक स्थावर संपदा		
वाणिज्यिक स्थावर संपदा पर बंधक द्वारा प्रतिभूत (कार्यालय भवन, खुदरा क्षेत्र, बहु-उद्देश्यीय वाणिज्यिक परिसर, बहु-परिवार आवासीय भवन, बहु-किरायेदार वाणिज्यिक परिसर, औद्योगिक या माल गोदाम क्षेत्र, होटल, भूमि अधिग्रहण, विकास और निर्माण आदि गैर- निधि आधारित सीमा भी ऋण जोखिम में शामिल है।	27,364.60	20,761.65
iii) बंधक समर्थित प्रतिभूतियों (एमबीएस) तथा अन्य प्रतिभूतिकृत ऋण-जोखिमों में निवेश	877.99	614.48
क) आवासीय	877.99	603.28
ख) वाणिज्यिक स्थावर संपदा	0	11.20
II) अप्रत्यक्ष ऋण-जोखिम		
राष्ट्रीय आवास बैंक(एनएचबी) तथा आवास वित्त कंपनियों (एचएफसी) में निधि आधारित और गैर-निधि आधारित ऋण-जोखिम	28,656.55	18,930.16
कुल	**2,63,664.55**	**2,23,388.52**

ख) पूंजी बाजार

(₹ करोड़ में)

	विवरण	31 मार्च 2016 की स्थिति के अनुसार	31 मार्च 2015 की स्थिति के अनुसार
1)	इक्विटी शेयरों, परिवर्तनशील बांडों, परिवर्तनशील डिबेंचरों तथा इक्विटी सम्बद्ध म्यूचुअल फंडों की यूनिटों में किए गए ऐसे प्रत्यक्ष निवेश जिनकी राशि विशेष रूप से कारपोरेट-ऋण में निवेश नहीं की गई है।	4,026.53	3,727.32
2)	शेयरों (आइपीओ/ईएसओपी सहित)/बांडों/डिबेंचरों, तथा इक्विटी सम्बद्ध म्यूचुअल फंडों की यूनिटों में निवेश करने के लिए व्यक्तियों को शेयरों/बांडों/डिबेंचरों या अन्य प्रतिभूतियों के आधार पर या बिना किसी जमानत के दिए गए अग्रिम	5.36	8.11
3)	किसी अन्य प्रयोजन के लिए अग्रिम जहाँ शेयरों अथवा परिवर्तनशील बांडों अथवा परिवर्तनशील डिबेंचरों को अथवा इक्विटी सम्बद्ध म्यूचुअल फंड की यूनिटों को प्राथमिक प्रतिभूति के रूप में लिया गया है.	9,339.52	7,358.66

(₹ करोड़ में)

	विवरण	31 मार्च 2016 की स्थिति के अनुसार	31 मार्च 2015 की स्थिति के अनुसार
4)	किसी अन्य प्रयोजन के लिए ऐसे अग्रिम जिनके लिए शेयरों अथवा परिवर्तनशील बांडों अथवा परिवर्तनशील डिबेंचरों अथवा इक्विटी सम्बद्ध म्यूचुअल फंडों की यूनिटों की संपार्श्विक प्रतिभूति दी गई है, अर्थात जहाँ शेयरों/परिवर्तनशील बांडों/परिवर्तनशील डिबेंचरों/इक्विटी सम्बद्ध म्यूचुअल फंडों की यूनिटों के अतिरिक्त प्राथमिक प्रतिभूति अग्रिम की राशि की पूर्ण प्रतिभूति के रूप में अपर्याप्त है.	19.82	308.13
5)	शेयर दलालों को प्रतिभूत और अप्रतिभूत अग्रिम और शेयर दलालों एवं बाजार-नियामकों (मार्केट मेकर्स) की ओर से जारी गारंटियां	333.40	26.87
6)	संसाधनों को बढ़ाने की प्रत्याशा से नई कंपनी की इक्विटी में प्रमोटर के अंशदान का हिस्सा पूरा करने के लिए कारपोरेटों को शेयरों/बांडों/ डिबेंचरों या अन्य प्रतिभूतियों के आधार पर अथवा बिना जमानत के संस्वीकृत किए गए ऋण	516.87	285.76
7)	अपेक्षित इक्विटी प्रवाह/शेयर निर्गमों के सापेक्ष कम्पनियों को दिए गए पूरक ऋण	शून्य	शून्य
8)	शेयरों या परिवर्तनशील बांडों अथवा परिवर्तनशील डिबेंचरों या इक्विटी सम्बद्ध म्यूचुअल फंडों के प्राथमिक शेयर निर्गम के संबंध में बैंक द्वारा किया गया हामीदारी कारोबार.	शून्य	शून्य
9)	शेयर दलालों को मार्जिन क्रय-विक्रय के लिए वित्तपोषण	0.04	0.34
10)	उद्यम-पूंजी निधियों से संबंधित ऋण-जोखिम (पंजीकृत तथा गैर-पंजीकृत दोनों)	1,618.44	1,873.05
पूंजी बाजार में कुल ऋण-जोखिम		**15,859.98**	**13,588.24**

ग) कार्यनीतिक ऋण पुनर्संरचना योजना (एसडीआर)

वर्ष के दौरान एसडीआर के अंतर्गत ऋण को इक्विटी में निम्नलिखित उधारकर्ताओं के लिए परिवर्तित किया गया:

(₹ करोड़ में)

क्र सं.	कंपनी का नाम	इक्विटी में परिवर्तित कुल राशि
1	कोस्टल प्रोजेक्टस लिमिटेड	25.86
2	आइवीआरसीएल	200.00
3	मोनेट इस्पात एंड एनर्जी लि.	24.12

घ) जोखिम श्रेणीवार देशगत ऋण-जोखिम

भारतीय रिज़र्व बैंक के वर्तमान दिशा-निर्देशों के अनुसार, बैंक के देशवार ऋण-जोखिम का वर्गीकरण निम्न तालिका में सूचीबद्ध विभिन्न जोखिम वर्गों में किया गया है। यूएसए को छोड़कर किसी भी देश के लिए बैंक का देशगत जोखिम (निवल फंडेड) इसकी कुल ऋण आस्तियों के 1% से अधिक नहीं है इसलिए यूएसए हेतु देशगत जोखिम का प्रावधान किया गया है.

(₹ करोड़ में)

जोखिम श्रेणी	निवल निधिक एक्सपोजर		किया गया प्रावधान	
	31 मार्च 2016 की स्थिति के अनुसार	31 मार्च 2015 की स्थिति के अनुसार	31 मार्च 2016 की स्थिति के अनुसार	31 मार्च 2015 की स्थिति के अनुसार
नगण्य	1.00	1.68	शून्य	शून्य
बहुत कम	69,481.69	52,107.06	78.60	56.89
कम	2,599.83	883.78	शून्य	शून्य
मध्यम कम	55,125.36	26,774.43	शून्य	शून्य
मध्यम	5,942.22	3,148.82	शून्य	शून्य
अधिक	6,914.11	5,790.96	शून्य	शून्य
अत्यधिक	2,790.41	2,296.82	शून्य	शून्य
प्रतिबंधित	4,182.70	3,390.41	शून्य	शून्य
ऋण अयोग्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
योग	**147,037.32**	**94,393.96**	**78.60**	**56.89**

ग) बैंक द्वारा यथोचित सीमा से अधिक ली गई एकल उधारकर्त्ता तथा समूह उधारकर्त्ता ऋण-जोखिम का ब्योरा:

निम्नलिखित मामलों में बैंक ने आरबीआई द्वारा निधारित विवेकपूर्णसीमा के अधिक एकल उधारकर्त्ता ऋण-जोखिम लिया:

(₹ करोड़ में)

उधारकर्ता का नाम	ऋण-जोखिम की उच्चत्तम सीमा	संस्वीकृत सीमा (चरम स्तर)	सीमा के अधिक जोखिम की अवधि	31.03.2016 की स्थिति के अनुसार बकाया
भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लि. (बीएचईएल)	23,672.22	25,021.05	अप्रैल 2015 से मार्च 2016	21,696.22

टिप्पणी :-

1. विवेकपूर्ण मानदंडों का कोई उल्लंघन नहीं है क्योंकि बीएचईएल के संबंध में ऋण जोखिम विवेकपूर्ण सीमाओं के अतिरिक्त 5 प्रतिशत ऋण जोखिम लेने के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा बैंकों को दिए विवेकाधिकार के अंतर्गत है।
2. सभी ऋणी समूहों के लिए ऋण-जोखिम विवेकपूर्ण मानदंडों के अंदर है (वित्तीय वर्ष 2015-16 के दौरान)

घ) अप्रतिभूत अग्रिम

(₹ करोड़ में)

विवरण	31 मार्च 2016 की स्थिति के अनुसार	31 मार्च 2015 की स्थिति के अनुसार
क) बैंक के कुल अप्रतिभूत अग्रिम	3,15,779.06	2,59,109.61
i) इनमें से अग्रिमों की राशि, जो शेयर, लाइसेंस, प्राधिकार आदि के रूप में मूर्त प्रतिभूतियों के प्रभार पर बकाया है.	2,183.46	5,832.72
ii) इन मूर्त प्रतिभूतियों का प्राक्कलित मूल्य (ऊपर(i) के अनुसार)	2,748.40	6,005.01

18.6 विविध :

क) अर्थदंडों का प्रकटन

शून्य (पिछले वर्ष शून्य)

वित्तीय इंटेलिजेंस यूनिट-इंडिया, नई दिल्ली ने पीएमएलए अधिनियम की धारा 12 के अंतर्गत ₹ 0.05 करोड़ का दण्ड लगाया है।

चालू वर्ष के दौरान, हाँग काँग मौद्रिक प्राधिकरण ने एएमएल अध्यादेश की धारा 21 के अंतर्गत अनुशासनिक कार्रवाई शुरू की है और 75,43,000 हांग-कांग डॉलर का अर्थ दंड लगाया है। (पिछले वर्ष विवेकपूर्ण नियंत्रण एवं संकल्प प्राधिकरण, पेरिस, फ्रांस ने एसबीआई पेरिस शाखा पर 3,00,000 यूरो का अर्थ दंड लगाया है)।

ख) एसजीएल फार्मों के उल्लंघन पर लगाए गए अर्थ दंड

बैंक पर एसजीएल फार्मों के उल्लंघन पर किसी तरह का अर्थदंड नहीं लगाया गया है।

18.7 लेखांकन मानकों के अनुसार प्रकटन अपेक्षाएं

क) कर्मचारी - हितलाभ

i. नियत हितलाभ योजनाएं

1. कर्मचारी पेंशन योजना एवं ग्रेच्युटी योजना :

कर्मचारी की पेंशन बैंक द्वारा नियुक्त स्वतंत्र बीमांकक द्वारा बीमांकिक मूल्यांकन के अनुसार नियत हितलाभ पेंशन योजना एवं ग्रेच्युटी की स्थिति को निम्न तालिका में प्रस्तुत किया गया है :

(₹ करोड़ में)

गैर-संबद्ध व्यवसाय के संबंध में देयता की गणना भावी सकल प्रीमियम मूल्यांकन पद्धति का उपयोग करके की जाती है। वर्तमान और भावी अनुभव को ध्यान में रखते हुए भावी अनुमानों के आधार पर एक सुनिश्चित देयता की गणना की जाती है। संबद्ध व्यवसाय से संबंधित इकाई देयता को मूल्यन तिथि को लागू निवल आस्ति मूल्य (एनएवी) का उपयोग करके पॉलिसी धारकों के नाम में विद्यमान इकाइयों के मूल्य के अनुरूप लिया जाता है। विभिन्न बीमा पॉलिसियों का मूल्यांकन यूएलआईपी व्यवसाय का मूल्यांकन पद्धति के अनुरूप ही किया जाता है कारण कि पॉलिसी धारक के खाते में पड़ी हुई जमा राशि को और खर्च पूरा करने के लिए खर्चों की पर्याप्तता के लिए किए गए अतिरिक्त प्रावधान को देयता के रूप में समझा जाता है।

साधारण बीमा :

क. प्रत्यक्ष व्यवसाय और स्वीकृत पुनर्बीमा पर प्राप्त प्रीमियम (पुनर्नियोजन प्रीमियम सहित) को सेवा कर घटाने के बाद 1/365 पद्धति के अनुसार सकल आधार पर संविदा अवधि या जोखिम अवधि, जो भी उपयुक्त हो, में आय के रूप में दिखाया गया है। प्रीमियम में होने वाले अन्य अनुवर्ती संशोधन को शेष जोखिम

अवधि या संविदा अवधि के प्रीमियम के रूप में दिखाया गया है। पॉलिसियों के रद्द होने से प्रीमियम आय में होने वाले समायोजनों को उस अवधि में दिखाया गया है जिसमें वह रद्द की गई है।

ख. बंद की गई पुनर्बीमा पर प्राप्त कमीशन को उस अवधि में आय के रूप में दिखाया गया है जिस अवधि में पुनर्बीमा जोखिम बंद की गई है। पुनर्बीमा संधियों के अंतर्गत लाभ कमीशन, जहां कहीं लागू हो, को लाभ के अंतिम निर्धारण वाले वर्ष में आय के रूप में दिखाया गया है, जिस प्रकार पुनर्बीमाकर्ता द्वारा सूचित किया गया है और उसे बंद की गई पुनर्बीमा पर प्राप्त कमीशन के साथ रखा गया है।

ग. बंद की गई आनुपातिक पुनर्बीमा पॉलिसी के संबंध में, बंद की गई पुनर्बीमा पॉलिसी की लागत जोखिम की शुरुआत होने के आधार पर उपचित हुई है। गैर/आनुपातिक पुनर्बीमा लागत को देय होने के समय दिखाया गया है। गैर आनुपातिक पुनर्बीमा लागत को पुनर्बीमा व्यवस्थाओं के अनुसार हिसाब में लिया गया हैं। अन्य कोई अनुवर्ती संशोधन होने पर, प्रीमियमों को वापस या निरस्त करने को उस अवधि में दिखाया गया है जिसमें वह देय होता है।

घ. पुनर्बीमा प्राप्य स्वीकृतियों को बीमाकर्ताओं से वापस प्राप्त मात्रा में हिसाब में लिया गया है।

ङ अधिग्रहण लागतें जैसे कमीशन, पॉलिसी निर्गम व्यय आदि ऐसी लागतें हैं जो मुख्य रूप से नए एवं नवीकरण व्यवसाय संविदाओं के अधिग्रहण से संबंधित हैं और उस अवधि में व्यय की गई हैं जिसमें वे उपस्थित हुई हैं। अधिग्रहण लागत निर्धारण मुख्यतया लागतों और बीमा संविदाओं के निष्पादन (अर्थात जोखिम की शुरुआत) के आधार पर किया जाता है।

च. दावे को नुकसान होने की सूचना प्राप्त होने पर दिखाया गया है। तुलनपत्र को देय बकाया दावों से संबंधित प्रावधान में से पुनर्बीमा, अवशिष्ट मूल्य और प्रबंधन द्वारा अनुमानित अन्य वसूलियों को घटाया गया है।

छ. दावा संबंधी देयताएं जो किसी लेखा जिनके लिए उपचित हो गई हैं परंतु :

- जिसे लेखा अवधि की समाप्ति से पूर्व सूचित या दावा नहीं किया गया है (आईबीएनआर) या

- पर्याप्त रूप से सूचित नहीं की गई है (अर्थात इस टिप्पणी के साथ सूचित की गई कि संभावित दावा राशि का एक उचित अनुमान लगाने के लिए सूचना अपर्याप्त के साथ सूचित की गई है) (आईबीएनईआर) से संबंधित प्रावधान वह राशि है जो आईआरडीए की सहमति से भारतीय बीमांकिक सोसायटी द्वारा जारी मार्गदर्शी टिप्पणियों और इस संबंध में आईआरडीए द्वारा जारी अन्य निर्देशों के अनुसार बीमांकिक सिद्धांतों के आधार पर नियुक्त बीमांकनकर्ता/परामर्शी बीमांकनकर्ता द्वारा निर्धारित की गई है।

अभिरक्षा एवं निधि लेखांकन सेवाएं :

आय का निर्धारण उस सीमा तक किया गया है कि कंपनी को आर्थिक लाभ प्राप्त होने की संभावना है और इस आय का विश्वासपूर्वक मापन किया जा सकेगा।

पेंशन निधि परिचालन :

प्रबंधन शुल्क को कंपनी और एनपीएस न्यासियों के बीच हुए निवेश प्रबंधन करार (आईएमए) के अनुसार तैयार की गई संबद्ध योजनाओं में प्रत्येक योजना की दैनिक निवल आस्तियों के आधार पर शामिल किया गया है। यह पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण द्वारा जारी विनियामक दिशानिर्देशों के अनुरूप है। कंपनी सेवा कर को घटाकर लेखों में आय प्रस्तुत करती है।

न्यासी परिचालन :

म्यूचुअल फंड ट्रस्टीशिप फीस का निर्धारण संबंधित योजनाओं के लिए सहमत की गई विशिष्ट दरों पर किया गया है और प्रत्येक योजना की औसत दैनिक निवल आस्तियों के आधार पर लागू की गई है (अंतर योजना निवेश, स्थायी जमाराशियों में निवेश, आस्ति प्रबंधन कंपनी द्वारा किए गए निवेश और आस्थगित राजस्व व्यय, जहाँ कहीं लागू हो को छोड़कर), तथा सेबी (म्यूचुअल फंड) विनियमन, 1996 के अंतर्गत निर्दिष्ट की गई सीमाओं के अनुरूप है।

कारपोरेट ट्रस्टीशिप एक्सेप्टेंस फीस का निर्धारण ट्रस्टीशिप असाइनमेंट की स्वीकृति या के निष्पादन, जो भी पहले हो, पर किया गया है। कारपोरेट ट्रस्टीशिप सेवा प्रभार ग्राहकों के साथ हुए ट्रस्टीशिप संविदाओं/करारों के अनुसार निर्धारित/प्रोद्भूत किए गए हैं।

2. निवेश

सरकारी प्रतिभूति लेनदेन 'सेटलमेंट डेट' को दर्ज किए गए हैं। सरकारी प्रतिभूतियों को छोड़कर अन्य प्रतिभूतियों में किए गए निवेश "क्रय-विक्रय तिथि" को दर्ज किए गए हैं।

2.1 वर्गीकरण

निवेशों को 3 श्रेणियों यथा - "परिपक्वता तक रखे गए", "विक्रय के लिए उपलब्ध" और "व्यवसाय के लिए रखे गए" में वर्गीकृत किया गया है।

2.2 वर्गीकरण का आधार :

i. उन निवेशों को 'परिपक्वता तक रखे गए' श्रेणी के अंतर्गत वर्गीकृत किया गया है, जिन्हें बैंक द्वारा परिपक्वता तक रखा जाता है।

ii. उन निवेशों को 'व्यवसाय के लिए रखे गए' श्रेणी के अंतर्गत वर्गीकृत किया गया है, जिन्हें क्रय तिथि से 90 दिनों के भीतर सिद्धांतत: पुनर्विक्रय हेतु रखा जाता है।

iii. जिन निवेशों को उपर्युक्त दो श्रेणियों में वर्गीकृत नहीं किया गया है, उन्हें 'विक्रय के लिए उपलब्ध' श्रेणी के रूप में वर्गीकृत किया गया है।

iv. प्रत्येक निवेश को इसके क्रय के समय 'परिपक्वता तक रखे गए', 'विक्रय के लिए उपलब्ध' या 'व्यवसाय के लिए रखे गए' श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है और उसके पश्चात श्रेणियों में परस्पर परिवर्तन विनियामक दिशानिर्देशों के अनुरूप किया गया है।

2.3 मूल्य-निर्धारण :

क. बैंकिंग व्यवसाय

i. किसी निवेश की अधिग्रहण लागत का निर्धारण करने में:

क. अभिदानों पर प्राप्त दलाली/कमीशन को लागत में से घटा दिया गया है।

ख. निवेशों के अधिग्रहण के संबंध में प्रदत्त दलाली, कमीशन, प्रतिभूति लेनदेन कर आदि का उसी समय व्यय कर दिया गया है और इन्हें लागत में शामिल नहीं किया गया है ।

ग. ऋण लिखतों पर खंडित अवधि के लिए प्रदत्त/प्राप्त ब्याज को ब्याज व्यय/आय मद के रूप में माना गया है और इन्हें लागत/बिक्री प्रतिफल में शामिल नहीं किया गया है।

घ. एएफएस और एचएफटी श्रेणी के अंतर्गत निवेश की लागत का निर्धारण समूह इकाइयों की भारित औसत लागत प्रणाली के आधार पर और एचटीएम श्रेणी के अंतर्गत निवेशों की लागत का निर्धारण एसबीआई द्वारा (पहले आए पहले जाए) आधार पर और अन्य समूह इकाइयों द्वारा भारित औसत लागत प्रणाली के आधार पर किया गया है।

ii. प्रतिभूतियों को एचएफटी/एएफएस श्रेणी से एचटीएम श्रेणी में अंतरण, अंतरण की तिथि पर अधिग्रहण लागत/बही मूल्य/बाजार मूल्य, इन तीनों में से न्यूनतम आधार पर किया गया है और ऐसे अंतरण पर हुआ मूल्यह्रास, यदि कोई हो, तो उसके लिए पूर्ण प्रावधान किया गया है। तथापि, एचटीएम श्रेणी में अंतरण अधिग्रहण लागत/बही मूल्य पर किया गया है। अंतरण के बाद इन प्रतिभूतियों का तुरंत पुनर्मूल्यांकन किया गया और परिणामी मूल्यह्रास यदि कोई हो, तो उसके लिए प्रावधान किया गया है।

iii. राजस्व बिलों और वाणिज्यिक पत्रों का मूल्य-निर्धारण **रखाव-लागत** आधार पर किया गया है ।

iv. **परिपक्वता तक रखे गए श्रेणी** : परिपक्वता तक रखे गए श्रेणी के अंतर्गत निवेश जब तक अंकित मूल्य से अधिक न हो, अधिग्रहण लागत आधार पर लिए गए हैं जिसमें प्रीमियम का परिशोधन स्थायी लागत आधार पर शेष परिपक्वता अवधि में किया गया है। ऐसे प्रीमियम के परिशोधन को 'निवेशों पर ब्याज' शीर्ष के अंतर्गत आय के प्रति समायोजित किया गया है। अस्थायी निवेशों को छोड़कर प्रत्येक निवेश हेतु पृथक - पृथक रूप से ह्रास के लिए प्रावधान किया गया है। क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों में किए गए विनिधानों का मूल्यन भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान के लेखा मानक-23 के अनुसार ईक्विटी लागत पर किया गया है।

v. **विक्रय के लिए उपलब्ध तथा व्यवसाय के लिए रखी गई श्रेणियाँ**: एएफएस और एचएफटी श्रेणियों में रखे गए विनिधानों का पृथक-पृथक रूप से बाजार मूल्य या **विनियामक दिशा-निर्देशों के अनुसार निर्धारित** उचित मूल्य के आधार पर पुनर्मूल्यन किया गया है, और प्रत्येक श्रेणी (अर्थात (i) सरकारी प्रतिभूतियों, (ii) अन्य अनुमोदित प्रतिभूतियां, (iii) शेयर, (iv) बांड एवं डिबेंचर, (v) अनुषंगियां एवं संयुक्त उद्यम; और (vi) अन्य) के लिए केवल निवल मूल्यह्रास हेतु प्रावधान किया गया है तथा निवल मूल्यवृद्धि को लेखे

में नहीं लिया गया है। मूल्यह्रास के लिए प्रावधान होने पर, बाजार के लिए अलग करने के बाद प्रत्येक प्रतिभूति का मूल्य अपरिवर्तित रहा।

vi. यदि आस्ति प्रतिभूतिकरण कंपनी (एआरसी) को प्रतिभूति रसीदों के निर्गम के आधार पर एनपीए (वित्तीय) आस्तियाँ) की बिक्री की जाती है, तो प्रतिभूति रसीदों के निवेश का निर्धारण वित्तीय आस्ति के निवल में बही मूल्य (एनबीवी) (अर्थात बही मूल्य में से प्रावधान घटाकर) और प्रतिभूति रसीदों के मोचन मूल्य से कम मूल्य पर किया जाता है, और एससी/एआरसी द्वारा जारी प्रतिभूति रसीदों का मूल्यन गैर-एसएलआर लिखतों के लिए लागू दिशा-निर्देशों के अनुसार किया जाता है। तदनुसार, जिन मामलों में एससी/एआरसी द्वारा प्रतिभूति रसीदें संबंधित योजना में लिखतों को समनुदेशित की गई वित्तीय आस्तियों की वास्तविक वसूली राशि तक ही जारी की गई हो, उन मामलों में ऐसे लिखतों के मूल्यांकन हेतु निवल आस्ति मूल्य, एससी/एआरसी से प्राप्त को ध्यान में रखा गया है।

vii. देशीय कार्यालयों/इकाइयों के संबंध में भारतीय रिज़र्व बैंक के तथा विदेश स्थित कार्यालयों इकाइयों के संबंध में उस देश के विनियामकों के दिशा-निर्देशों के आधार पर निवेशों को अर्जक और अनर्जक श्रेणियों में विभाजित किया गया है। देशीय इकाइयों कार्यालयों के निवेश निम्नलिखित स्थितियों में अनर्जक हो जाते हैं :

क. ब्याज/किस्त (परिपक्वता राशि सहित) देय है और यह 90 दिनों से अधिक अवधि से बकाया है।

ख. ईक्विटी शेयरों के संबंध में, जहाँ अद्यतन तुलनपत्र की अनुपलब्धता के कारण किसी कंपनी के शेयरों को ₹1 प्रति कंपनी मूल्य प्रदान किया गया है - ऐसे ईक्विटी शेयरों को अनर्जक निवेश माना जाएगा ।

ग. यदि जारीकर्ता द्वारा ली गई कोई ऋण-सुविधा बैंक - बही में अनर्जक आस्ति हो गई है, तो ऐसी स्थिति में उसी जारीकर्ता द्वारा जारी किसी भी प्रतिभूति में विनिधान को और जारीकर्ता द्वारा निवेश को अनर्जक निवेश माना जाएगा।

घ. उपर्युक्त, शर्त आवश्यक परिवर्तनों के साथ उन अधिमानी शेयरों पर भी लागू होगी, जहाँ निर्धारित लाभांश का भुगतान नहीं किया गया है।

ङ ऐसे डिबेंचरों/बांडों में निवेश जिन्हें अग्रिम की प्रकृति के निवेश माना जाता है, उन पर अनर्जक निवेश के वही मानदंड लगेंगे जो निदेशों पर लागू होते हैं ।

च. विदेशी कार्यालयों के अनर्जक निवेश के संबंध में प्रावधान-स्थानीय विनियमों अथवा भारतीय रिजर्व बैंक के मानदंडों में से जो अधिक हो, उसके अनुसार किया गया है ।

viii. रेपो/रिवर्स रेपो लेनदेन के लिए लेखा प्रणाली (भारतीय रिज़र्व बैंक की चलनिधि समायोजन सुविधा (एलएएफ) के अंतर्गत आने वाले लेनदेन को छोड़कर)

(क) रेपो/रिवर्स रेपो के अंतर्गत बेची/खरीदी गई प्रतिभूतियों को संपार्श्विक ऋणान्वयन और उधार देने संबंधी लेनदेन के रूप में लेखे में लिया गया है। तथापि, प्रतिभूतियों का अंतरण सामान्य एकमुश्त विक्रय/क्रय लेनदेन की तरह किया गया है और प्रतिभूतियों के मूल्य के ऐसे घट-बढ़ को रेपो/रिवर्स रेपो खातों और प्रति-प्रविष्टि का उपयोग करते हुए दर्शाया गया है। उपर्युक्त प्रविष्टियों को परिपक्वता की तिथि को प्रतिवर्तित किया गया है और आय को ब्याज व्यय/आय के रूप में जैसी भी स्थिति हो, लेखे में लिया गया है। रेपो खाते के शेष को अनुसूची-4 (उधारियाँ) और रिवर्स रेपो खाते के शेष को अनुसूची-7 (बैंकों में जमा और मांग एवं अल्प सूचना पर प्राप्य राशि) के अंतर्गत वर्गीकृत किया गया है।

(ख) भारतीय रिज़र्व बैंक के साथ चलनिधि समायोजन सुविधा (एलएएफ) के अधीन क्रय/विक्रय की गई प्रतिभूतियों को निवेश खाते में नामे/जमा किया गया है और उनको लेनदेन की परिपक्वता की तिथि पर प्रतिवर्तित किया गया है । उन पर व्यय/अर्जित ब्याज को व्यय/आय के रूप में लेखे में लिया गया है ।

ख. बीमा व्यवसाय

जीवन और साधारण बीमा अनुषंगियों के मामले में निवेश बीमा अधिनियम, 1938, बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (निवेश) विनियम, 2000 और बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण द्वारा समय समय पर जारी विभिन्न अन्य परिपत्रों या अधिसूचनाओं के अनुसार किए गए हैं।

(i) गैर-संबद्ध बीमा व्यवसाय और साधारण बीमा व्यवसाय से संबंधित निवेश का मूल्यांकन :-

- सरकारी प्रतिभूतियों सहित सभी ऋण प्रतिभूतियों का अवधिगत लागत के आधार पर परिशोधन के अध्यधीन उल्लेख किया गया है।
- सूचीबद्ध ईक्विटी शेयरों का तुलन पत्र की तारीख को उचित मूल्य पर आकलन किया गया है। उचित मूल्य का निर्धारण करने के लिए नेशनल स्टाक एक्सचेंज आफ इंडिया लिमिटेड (‘एनएसई’) या बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड, मुंबई (‘बीएसई’) पर बाजार बंद होने के समय उद्घृत आखिरी मूल्य में से निचले मूल्य को शामिल किया जाता है।
- प्रतिभूति उधार देने और उधार लेने के मामले में, उधार दिए गए इक्विटी शेयरों का मूल्यांकन यथा उल्लिखित इक्विटी शेयरों की मूल्यांकन पद्धति के अनुसार किया जाता है। असूचीबद्ध प्रतिभूतियों का आंकन परंपरागत लागत पर किया गया है।
- म्यूचुअल फंड यूनिटों में निवेश का जीवन बीमा में पिछले दिन के निवल आस्ति मूल्य (एनएवी) पर और साधारण बीमा में तुलन पत्र की तारीख को मूल्यांकन किया गया है।
- वैकल्पिक निवेश निधियों के निवेश का मूल्यांकन नवीनतम उपलब्ध एनएवी के आधार पर किया गया है।
- शेयरधारकों के निवेशों और गैर-संबद्ध पॉलिसीधारकों के निवेशों के संबंध में सूचीबद्ध ईक्विटी शेयरों और म्यूचुअल फंड यूनिटों के उचित मूल्य में परिवर्तन के कारण होने वाले अवसूल लाभ या हानियाँ ‘‘आय और अन्य आरक्षितियाँ (अनुसूची 2)’’ में और ‘‘बीमा व्यवसाय में पॉलिसीधारकों से संबंधित देयताएँ (अनुसूची 5)’’ क्रमश: तुलन पत्र में लिए जाते हैं।

(ii) संबद्ध व्यवसाय से संबंधित निवेश का मूल्यांकन :-

- एक वर्ष से अधिक की शेष परिपक्वता अवधि वाली सरकारी प्रतिभूतियों का मूल्यांकन क्रेडिट रेटिंग इन्फॉर्मेशन सर्विसेज ऑफ इंडिया लिमिटेड (‘क्रिसिल’) से प्राप्त मूल्यों पर किया जाता है सिवा भारत सरकार के स्क्रिपों के जिनका मूल्यांकन निर्धारित आय मुद्रा बाजार और व्युत्पन्न (डेरीवेटिव) संघ (एफआईएमएमडीए) से प्राप्त मूल्यों पर किया जाता है। एक वर्ष से अधिक की शेष परिपक्वता अवधि वाली सरकारी प्रतिभूतियों को छोड़कर अन्य ऋण प्रतिभूतियों का मूल्यांकन क्रिसिल बांड वैल्युअर के आधार पर किया जाता है। एक वर्ष या उससे कम की शेष परिपक्वता अवधि वाली सरकारी और अन्य ऋण प्रतिभूतियों की अपरिशोधित और औसत लागत को प्रतिभूतियों की शेष अवधि के लिए परिशोधित किया जाता है। ऐसे मूल्यांकन से होने वाले अवसूल लाभ या हानियों को लाभ और हानि खाते में शामिल किया गया है।
- सूचीबद्ध ईक्विटी शेयरों का तुलन पत्र की तारीख को उचित मूल्य पर आकलन किया जाता है। उचित मूल्य का निर्धारण करने के लिए नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (‘एनएसई’) के बाजार बंद होने के समय के आखिरी उद्धृत मूल्य का उपयोग किया जाता है। एनएसई में सूचीबद्ध न किए गए ईक्विटी शेयरों का मूल्यांकन बीएसई के बाजार बंद होने के समय के आखिरी उद्धृत मूल्य पर किया जाता है।

- प्रतिभूति उधार देने और उधार लेने के मामले में, उधार दिए गए ईक्विटी शेयरों का मूल्यांकन ईक्विटी शेयरों की मूल्यन नीति के अनुसार किया जाता है, जैसा ऊपर उल्लेख किया गया है।
- म्यूचुअल फंड यूनिटों में किए गए निवेशों का मूल्यांकन पिछले दिन के निवल आस्ति मूल्य (एनएवी) पर किया जाता है।
- असूचीबद्ध ईक्विटी शेयरों का आंकन परंपरागत लागत आधार पर किया गया है।
- ईक्विटी शेयरों और म्यूचुअल फंड यूनिटों के उचित मूल्य में परिवर्तनों के कारण होने वाले अवसूल लाभों या हानियों को लाभ और हानि खाते में दिखाया जाता है।

3. ऋण/अग्रिम और उन पर प्रावधान

3.1 ऋणों और अग्रिमों का वर्गीकरण भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी दिशानिर्देशों के आधार पर अर्जक और अनर्जक ऋणों और अग्रिमों के रूप में किया गया है । ऋण आस्तियाँ उन मामलों में अनर्जक बन जाती हैं, जहाँ:

i. सावधि ऋणों के संबंध में, ब्याज और/अथवा मूलधन की किस्त 90 दिनों से अधिक अवधि के लिए अतिदेय रहती है;

ii. ओवरड्राफ्ट या नकदी-ऋण अग्रिम के संबंध में खाता ''असंयत'' (''आउट ऑफ आर्डर'') रहता है, अर्थात यदि बकाया शेष राशि लगातार 90 दिनों की अवधि के लिए संस्वीकृत सीमा /आहरण अधिकार से अधिक हो जाती है, या कोई राशि तुलनपत्र की तिथि को लगातार 90 दिनों के लिए जमा नहीं है अथवा ये जमाराशियाँ उसी अवधि के दौरान देय ब्याज का भुगतान करने के लिए अपर्याप्त हैं;

iii. क्रय किए गए/बट्टाकृत बिलों के संबंध में, बिल 90 दिनों की अवधि से अधिक अतिदेय रहते हैं;

iv. कृषि अग्रिमों के संबंध में, (क) अल्पावधि फसलों के लिए जहाँ मूलधन की किस्त या ब्याज दो फसल-ऋतुओं के लिए अतिदेय रहते हैं; और (ख) कृषि अग्रिमों के संबंध में, अल्पावधि फसलों के लिए जहाँ मूलधन या ब्याज एक फसल-ऋतु के लिए अतिदेय रहते हैं।

3.2 अनर्जक आस्तियों को भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा निर्धारित निम्नलिखित मानदंडों के आधार पर अव-मानक, संदिग्ध और हानिप्रद आस्तियों में वर्गीकृत किया गया है:

i. अव-मानक : ऐसी कोई ऋण आस्ति, जो 12 महीनों या उससे कम अवधि के लिए अनर्जक रही है ।

ii. संदिग्ध : ऐसी कोई ऋण आस्ति, जो 12 महीनों की अवधि के लिए अव-मानक श्रेणी में रही है ।

iii. हानिप्रद : ऐसी कोई ऋण आस्ति, जिसमें हानि का पता चल गया है किंतु उस राशि को पूर्णतया बट्टे खाते में नहीं डाला गया है ।

3.3 अनर्जक आस्तियों के लिए प्रावधान विनियामक प्राधिकरणों द्वारा निर्धारित वर्तमान दिशा-निर्देशों के अनुसार किए गए हैं, पर इसमें निम्नलिखित निर्धारित न्यूनतम प्रावधान मानदंडों को ध्यान में रखा गया है:

अव-मानक आस्तियाँ :	i.	कुल बकाया राशि पर 15% का सामान्य प्रावधान
	ii.	उन ऋण जोखिमों के लिए, जो प्रारंभ से ही अप्रतिभूत हैं, 10% का अतिरिक्त प्रावधान (जहाँ प्रतिभूति का वसूली - मूल्य शुरू से ही 10% से अधिक नहीं है)
	iii.	इन्फ्रास्ट्रक्चर ऋण खातों में अप्रतिभूत राशि जिसमें कतिपय रक्षोपाय जैसे एस्क्रो खाते उपलब्ध हैं - 20%
संदिग्ध आस्तियाँ :		
- प्रतिभूत भाग :	i.	एक वर्ष तक - 25%
	ii.	एक से तीन वर्ष तक - 40%
	iii.	तीन वर्ष से अधिक - 100%
- अप्रतिभूत भाग :		100%
हानिप्रद आस्तियाँ :		100%

3.4 विदेश स्थित कार्यालयों के ऋण और अग्रिम खातों का वर्गीकरण तथा अनर्जक अग्रिमों के संबंध में प्रावधान स्थानीय विनियमों अथवा भारतीय रिज़र्व बैंक के मानदंडों में से जो अधिक कठोर था, के अनुसार किए गए हैं।

3.5 अग्रिम कतिपय ऋण हानि प्रावधानों, अप्राप्त ब्याज, भारतीय निर्यात ऋण गारंटी निगम (ईसीजीसी) के प्राप्त दावों और बट्टाकृत बिलों को घटाकर दर्शाए गए हैं।

3.6 पुनर्संरचित/पुनर्निर्धारित आस्तियों के लिए प्रावधान भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार किए गए हैं, जिसके अनुसार अनर्जक आस्तियों के लिए प्रावधान करने के अलावा, पुनर्संरचना से पूर्व और के बाद ऋण के उचित मूल्य की अंतर राशि के लिए प्रावधान किया गया है। उपर्युक्त के कारण, उचित मूल्य में हुई कमी और त्याग किए गए ब्याज के प्रावधान को अग्रिमों में से घटाया गया है।

3.7 अनर्जक आस्तियों के रूप में वर्गीकृत ऋण खातों के मामले में, विनियामकों द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप होने पर ही किसी खाते को अर्जक आस्ति के रूप में पुनर्वर्गीकृत किया जा सकता है ।

3.8 पूर्ववर्ती वर्षो में बट्टे खाते में डाले गए ऋणों की वसूली गई राशि को आय के रूप में दिखाया गया है।

3.9 अनर्जक आस्तियों पर विशिष्ट प्रावधान के अतिरिक्त, भारतीय रिज़र्व बैंक के वर्तमान दिशानिर्देशों के अनुसार मानक आस्तियों के लिए सामान्य प्रावधान भी किए गए हैं। ये प्रावधान तुलनपत्र की अनुसूची-5 के 'अन्य देयताएं एवं प्रावधान - अन्य' शीर्ष के अंतर्गत दर्शाए गए हैं और निवल अनर्जक आस्तियां निकालने के लिए इन पर विचार नहीं किया गया है।

4. अस्थायी प्रावधान

बैंक में अग्रिमों, विनिधानों और सामान्य प्रयोजन के लिए अलग-अलग अस्थायी प्रावधान करने और उनका उपयोग करने की अनुमोदित नीति लागू है। सृजित किए जाने वाले अस्थायी प्रावधानों की राशि का प्रत्येक वित्त वर्ष के अंत में आकलन किया जाता है। अस्थायी प्रावधानों का उपयोग भारतीय रिज़र्व बैंक की पूर्व अनुमति से इस नीति में निर्दिष्ट की गई असाधारण परिस्थितियों के अंतर्गत आने वाली आकस्मिकताओं के लिए ही किया गया है।

5. बैंकिंग इकाइयों के लिए देशवार ऋण-जोखिम संबंधी प्रावधान

आस्ति वर्गीकरण की स्थिति के अनुरूप किए गए कतिपय प्रावधानों के अतिरिक्त पृथक देशवार ऋण जोखिम (निजी देश के अलावा) के लिए प्रावधान किए गए हैं। इन देशों का वर्गीकरण सात जोखिम श्रेणियों यथा नगण्य, कम, सामान्य, अधिक, अत्यधिक, प्रतिबंधित एवं ऋण में शामिल न होने वाले वर्गों में किया गया है, तथा यह प्रावधान भारतीय रिजर्व बैंक के वर्तमान दिशा-निर्देशों के अनुसार किया गया है। यदि प्रत्येक देश से संबंधित बैंक का देशवार ऋण जोखिम (निवल) कुल निधिक आस्तियों के 1% से अधिक नहीं है, तो ऐसे देशवार ऋण जोखिम पर कोई प्रावधान नहीं रखा गया है। यह प्रावधान तुलनपत्र की अनुसूची 5 में ''अन्य देयताएं एवं प्रावधान-अन्य'' के अंतर्गत दर्शाया गया है।

6. डेरीवेटिव्स :

6.1 बैंक तुलनपत्र के/तुलनपत्र के बाहर की आस्तियों और देयताओं की प्रतिरक्षा के लिए अथवा व्यापार प्रयोजनों हेतु विदेशी मुद्रा विकल्प, ब्याज दर विनिमय, मुद्रा विनिमय और परस्पर मुद्रा ब्याज दर विनिमय तथा वायदा दर करार जैसी डेरीवेटिव्स संविदाएं करता है। तुलनपत्र की आस्तियों एवं देयताओं की प्रतिरक्षा के लिए की गई विनिमय संविदाओं की रूपरेखा इस ढंग से तैयार की जाती है कि वे तुलनपत्र की अंतर्निहित मदों के साथ प्रतिकूल एवं क्षतिपूर्ति प्रभाव को सहन कर सकें। ऐसे डेरीवेटिव्स लिखतों का प्रभाव अंतर्निहित आस्तियों के मूल्य में उतार-चढ़ाव के साथ जुड़ा हुआ है और इसे प्रतिरक्षा लेखा सिद्धांतों के अनुसार लेखों में लिया गया है।

6.2 प्रतिरक्षा के रूप में वर्गीकृत डेरीवेटिव्स संविदाएं प्रोद्भूत आधार पर दर्ज की गई हैं। जब तक अंतर्निहित आस्तियों/देयताओं को भी बाजार मूल्य पर बही में शामिल नहीं कर दिया जाता, तब तक प्रतिरक्षा संविदाओं को बाजार मूल्य पर बही में शामिल नहीं किया जाता है।

6.3 उपर्युक्त को छोड़कर, अन्य सभी डेरीवेटिव्स संविदाएं उद्योग में प्रचलित सामान्यत: स्वीकृत प्रथाओं के अनुसार बाजार मूल्य पर बही में शामिल की गई हैं। बाजार मूल्य पर बही में शामिल किए गए डेरीवेटिव्स संविदाओं के संबंध में, बाजार मूल्य में हुए परिवर्तनों

को परिवर्तन की अवधि से लाभ और हानि खाते में दर्शाया गया है। डेरीवेटिव्स संविदाओं के अधीन प्राप्त होने वाली कोई भी राशि 90 दिनों से अधिक अवधि के लिए अतिदेय होती है, तो उसे लाभ और हानि खाते के जरिए ''उचंत परिणत प्राप्य राशि खाते'' में प्रतिवर्तित किया जाता है। यदि डेरीवेटिव संविदाओं में भविष्य में और अधिक निपटारे का प्रावधान है और यदि डेरीवेटिव संविदा अतिदेय प्राप्य राशि का 90 दिन तक भुगतान प्राप्त न होने पर समाप्त नहीं की जाती है तो भविष्य में प्राप्त राशियों की बाजार मूल्य पर बहियों में अंकित घनात्मक राशि को लाभ और हानि खाते से ''उचंत बाजार मूल्य घनात्मक राशि खाते'' में प्रतिवर्तित किया जाता है।

6.4 प्रदत्त या प्राप्त विकल्प प्रीमियम को विकल्प की समाप्ति पर लाभ और हानि खाते में दर्ज किया गया है। बेचे गए विकल्पों पर प्राप्त प्रीमियम और खरीदे गए विकल्पों पर प्रदत्त प्रीमियम के शेष को फॉरेक्स ओवर दि काउंटर विकल्पों के बाजार मूल्य निकालने हेतु शामिल किया गया है।

6.5 एक्सचेंज में क्रय-विक्रय किए गए डेरीवेटिव्ज तथा व्यापार के उद्देश्य से किए गए ब्याज दर वायदा सौदों को एक्सचेंज द्वारा दी गई दरों के आधार पर प्रचलित बाजार दरों पर मूल्यांकित किया गया है और परिणामी लाभ तथा हानि को लाभ और हानि खाते में शामिल किया गया है।

7. **अचल आस्तियां मूल्यह्रास और परिशोधन**

7.1 अचल आस्तियों का संचित मूल्यह्रास से कम लागत पर अंकन किया गया है।

7.2 लागत में क्रय लागत तथा समस्त व्यय, जैसे कि स्थान की तैयारी, संस्थापन लागत और व्यावसायिक शुल्क तथा आस्ति पर उसका उपयोग करने से पूर्व वहन की गई फीस शामिल हैं। उपयोग की गई आस्तियों पर वहन किए गए अनुवर्ती व्यय को केवल तभी पूंजीकृत किया गया है, जब ये व्यय इन आस्तियों से होने वाले भावी लाभ को/इन आस्तियों की व्यावहारिक क्षमता को बढ़ाते हैं।

7.3 एसबीआई के मामले में इस देशीय परिचालन के संबंध में मूल्यह्रास की दरें और मूल्यह्रास दर्शाने की पद्धति का विवरण निम्नानुसार है:

1	कंप्यूटर	सीधी रेखा पद्धति	33.33% प्रति वर्ष
2	कंप्यूटर सॉफ्टवेयर जो कंप्यूटर हार्डवेयर का अभिन्न अंग है	सीधी रेखा पद्धति	33.33% प्रति वर्ष
3	कंप्यूटर सॉफ्टवेयर जो कंप्यूटर हार्डवेयर का अभिन्न अंग नहीं है और सॉफ्टवेयर विकसित करने का खर्च	सीधी रेखा पद्धति	33.33% प्रति वर्ष
4	ऑटोमेटेड टैलर मशीन/कैश डिपॉजिट मशीन/ क्वाइन डिस्पेंसर/क्वाइन वेंडिंग मशीन	सीधी रेखा पद्धति	20.00% प्रति वर्ष
5	सर्वर	सीधी रेखा पद्धति	25.00% प्रति वर्ष
6	नेटवर्क उपकरण	सीधी रेखा पद्धति	20.00% प्रति वर्ष
7	अन्य अचल आस्तियां	सीधी रेखा पद्धति	आस्तियों के अनुमानित उपयोगी जीवन के आधार पर। प्रमुख अस्थायी आस्तियों का अनुमानित उपयोगी जीवन निम्नानुसार रहता है:
			परिसर - 60 वर्ष वाहन - 5 वर्ष जमा सुरक्षा लॉकर - 20 वर्ष फर्नीचर व फिक्सचर - 10 वर्ष

7.4 वर्ष के दौरान देशीय परिचालनों के लिए प्राप्त की गई आस्तियों के संबंध में, वर्ष के दौरान आस्ति को काम में लिए गए दिनों के लिए यथानुपातिक आधार पर मूल्यह्रास लगाया गया है।

7.5 ऐसी मदें जिनमें से प्रत्येक का मूल्य ₹1,000 से कम हो, उन्हें क्रय वर्ष में ही बट्टे खाते में डाल दिया गया है।

7.6 पट्टाकृत परिसरों से सम्बद्ध पट्टा प्रीमियम, यदि हो, तो को पट्टा अवधि पर परिशोधित किया गया है और पट्टा किराया उसी वर्ष के खर्च के रूप में दर्शाया गया है।

7.7 बैंक द्वारा 31 मार्च 2001, को या उससे पूर्व पट्टे पर दी गई आस्तियों के संबंध में पट्टे पर दी गई आस्तियों के मूल्य को पट्टाकृत आस्तियों के रूप में अचल आस्तियों के अंतर्गत दर्शाया गया है और वार्षिक पट्टा शुल्क (पूंजी-वसूली) एवं मूल्यह्रास के अंतर को पट्टा समानीकरण लेखे में लिया गया है।

7.8 विदेशी कार्यालयों/इकाइयों द्वारा धारित अचल आस्तियों पर मूल्यह्रास का प्रावधान संबंधित देशों के विनियमों/मानदंडों के अनुसार किया गया है।

8. पट्टे:

आस्ति वर्गीकरण और अग्रिमों के लिए लागू प्रावधानीकरण मानदंडों का उपर्युक्त अनुच्छेद 3 में दिए गए दिशा-निर्देशों के अनुसार इन वित्तीय पट्टों में भी प्रयोग किया गया है।

9. आस्तियों की अपसामान्यता

जब कभी घटनाएँ अथवा स्थितियों में परिवर्तन यह संकेत देते हैं कि किसी आस्ति की अग्रानीत राशि की वसूली संदिग्ध है, तो ऐसी स्थिति में अचल आस्तियों की अपसामान्यता हेतु समीक्षा की जाती है। धारित और प्रयोग की जाने वाली आस्ति की वसूली हो पाएगी या नहीं इसे मापने के लिए आस्ति के अग्रानीत मूल्य की तुलना आस्ति द्वारा अपेक्षित भविष्यगत निवल बट्टाकृत नकदी प्रवाह से तुलना करके ज्ञात की जाती है। यदि ऐसी आस्तियों को अपसामान्यता के योग्य पाया जाता है, तो लेखे में दर्शाई जानेवाली अपसामान्यता का माप उस अधिक राशि के आधार पर किया जाता है जो आस्ति के अग्रानीत मूल्य और उसके उचित मूल्य के बीच का अंतर है।

10. विदेशी मुद्रा विनिमय दर में उतार-चढ़ाव का प्रभाव

10.1 विदेशी मुद्रा लेनदेन

i. विदेशी मुद्रा लेनदेन को लेनदेन की तिथि को सूचित मुद्रा एवं विदेशी मुद्रा के बीच विनिमय दर की विदेशी मुद्रा राशि के प्रयोग द्वारा सूचित मुद्रा में प्रारंभिक निर्धारण पर दर्ज किया गया है ।

ii. विदेशी मुद्रा मौद्रिक मदों की सूचना भारतीय विदेशी मुद्रा व्यापारी संघ (फेडई) की अंतिम तत्काल दरों के प्रयोग से दी गई है ।

iii. विदेशी मुद्रा गैर-मौद्रिक मदों, जो अवधिगत लागत के आधार पर ली गई हैं, की सूचना लेनदेन की तिथि को प्रचलित मुद्रा विनिमय दर के प्रयोग से दी गई है ।

iv. विदेशी मुद्रा में मूल्यांकित आकस्मिक देयताओं की सूचना फेडई की अंतिम तत्काल दर के प्रयोग से की गई है ।

v. व्यवसाय के लिए रखी गई बकाया तत्काल विदेशी मुद्रा विनिमय तथा वायदा संविदाओं को इनकी निर्धारित परिपक्वताओं के लिए फेडई द्वारा अधिसूचित मुद्रा विनिमय दरों पर पुनर्मूल्यांकित किया गया है और परिणामी लाभ या हानि को लाभ और हानि खाते में शामिल किया गया है।

vi. विदेशी मुद्रा वायदा संविदाओं, जो व्यवसाय के लिए अपेक्षित नहीं हैं और तुलनपत्र की तिथि को बकाया हैं, का अंतिम तत्काल दर पर मूल्यांकन किया गया है। ऐसी वायदा विनिमय संविदा के प्रारंभ से उद्भूत प्रीमियम या बट्टे को संविदा की परिपक्वता अवधि के व्यय या आय के रूप में परिशोधित किया गया है।

vii. मौद्रिक मदों के निर्धारण से उद्भूत विनिमय अंतर राशियों को उन दरों, जो दरें आरंभ से दर्ज की गई थीं, से भिन्न दरों पर उस अवधि, जिसमें ये दरें उद्भूत हुई हैं, के आय या व्यय के रूप में दिखाया गया है।

viii. खुले विकल्प वाले मुद्रा वायदा लेनदेन में विनिमय दरों में परिवर्तन के कारण होने वाले लाभ/हानि को एक्सचेंज क्लिअरिंग हाउस के साथ दैनिक आधार पर निपटान किया गया है और ऐसे लाभ/हानि को लाभ और हानि खाते में दर्शाया गया है।

10.2 विदेशी परिचालन

बैंक की विदेश स्थित शाखाओं/इकाइयों और समुद्रपारीय बैंकिंग इकाइयों को असमाकलित परिचालनों के रूप में वर्गीकृत किया गया है और प्रतिनिधि कार्यालयों को समाकलित परिचालनों के रूप में वर्गीकृत किया गया है।

क. असमाकलित परिचालन:

i. असमाकलित विदेशी परिचालनों की दोनों मौद्रिक और गैर-मौद्रिक विदेशी मुद्रा आस्तियों एवं देयताओं तथा आकस्मिक देयताओं को तुलनपत्र तिथि को फेडई द्वारा अधिसूचित अंतिम विनिमय दरों पर विनिमय किया गया है।

ii. असमाकलित विदेशी परिचालनों की आय एवं व्यय का फेडई द्वारा अधिसूचित तिमाही औसत की अंतिम दर पर विनिमय किया गया है।

iii. निवल विनिधान के निपटान होने तक असमाकलित विदेशी परिचालनों से उद्भूत विनिमय अंतर-राशियों का संचयन विदेशी मुद्रा रूपांतरण आरक्षिती में किया गया है।

iv. विदेशी कार्यालयों/अनुषंगियों/संयुक्त उद्यमों की विदेशी मुद्रा में दर्शाई गई आस्तियों एवं देयताओं का विदेशी कार्यालयों/अनुषंगियों/संयुक्त उद्यमों की स्थानीय मुद्रा के अलावा उस देश के लिए लागू हाजिर दरों का प्रयोग करते हुए स्थानीय मुद्रा में विनिमय किया गया है।

ख. समाकलित परिचालन:

i. विदेशी मुद्रा लेनदेन को लेनदेन की तिथि को सूचित मुद्रा और विदेशी मुद्रा में विनिमय दर पर विदेशी मुद्रा राशि के प्रयोग द्वारा सूचित मुद्रा में आरंभिक अभिज्ञान पर दर्ज किया गया है।

ii. समाकलित विदेशी परिचालनों की मौद्रिक विदेशी मुद्रा आस्तियों और देयताओं को तुलनपत्र की तिथि को फेडई द्वारा अधिसूचित अंतिम विनिमय दरों पर रूपांतरित किया गया है और परिणामी लाभ/हानि को लाभ और हानि खाते में शामिल किया गया है ।

iii. अवधिगत लागत के अनुरूप अग्रानीत विदेशी मुद्रा गैर-मौद्रिक मदों की सूचना लेनदेन की तिथि को प्रचलित विनिमय दर के प्रयोग से की गई है।

11. कर्मचारी हितलाभ:

11.1 दीर्घावधि कर्मचारी हितलाभ:

अल्पावधि कर्मचारी हितलाभ यथा चिकित्सा हितलाभ, आकस्मिक अवकाश आदि की बट्टारहित राशि को, जिसको कर्मचारियों द्वारा प्रदत्त सेवा के विनिमय में प्रदान किया जाना अपेक्षित है, कर्मचारियों द्वारा प्रदत्त सेवा अवधि के दौरान शामिल किया गया है।

11.2 नौकरी उपरांत हितलाभ:

i. नियत हितलाभ योजना

क. बैंक एक भविष्य निधि योजना का परिचालन करता है। बैंक की भविष्य निधि योजना के अंतर्गत सभी पात्र कर्मचारी यह हितलाभ प्राप्त करने के हकदार हैं। बैंक निर्धारित दर पर (वर्तमान समय में कर्मचारियों के मूल वेतन एवं पात्र भत्ते का 10%) मासिक अंशदान करता हैं। इस अंशदान को इस उद्देश्य के लिए स्थापित न्यास को प्रेषित कर दिया जाता है तथा इसे लाभ और हानि खाते में प्रभारित किया जात है। बैंक इस प्रकार के वार्षिक अंशदानों और उस पर ब्याज को संबंधित वर्ष के संदर्भ में व्यय मानता है। यदि कोई कमी हो, तो बीमांकिक मूल्यांकन के आधार पर उसका प्रबंध किया जाता है।

ख. समूह की कंपनियाँ, ग्रेच्युटी, पेंशन जैसी नियत हितलाभ योजनाएँ परिचालित करती हैं।

ग. समूह की कंपनियाँ, सभी पात्र कर्मचारियों को ग्रेच्युटी प्रदान करती हैं। यह हितलाभ कर्मचारियों को उनकी सेवानिवृत्ति, नौकरी के दौरान मृत्यु हो जाने अथवा नौकरी की समाप्ति पर एकमुश्त राशि के भुगतान के रूप में प्रदान किया जाता है । यह राशि सेवा के प्रत्येक पूर्ण वर्ष के लिए देय 15 दिनों के मूल वेतन के समतुल्य राशि, जो ₹10 लाख की अधिकतम राशि के अध्यधीन होगी, से अधिक नहीं होनी चाहिए । यह हितलाभ सेवा के पांच वर्ष पूरे होने पर ही प्राप्त होता है। बैंक इस राशि का वार्षिक अंशदान स्वतंत्र बाह्य बीमांकिक मूल्यन के आधार पर न्यासियों द्वारा नियंत्रित निधि में करता है।

घ. समूह की कुछ कंपनियाँ सभी पात्र कर्मचारियों को पेंशन प्रदान करती हैं। यह हितलाभ नियमानुसार मासिक

भुगतान के रूप में प्रदान किया जाता है और पेंशन का यह नियमित भुगतान कर्मचारियों को उनकी सेवानिवृत्ति, नौकरी के दौरान मृत्यु होने या नौकरी की समाप्ति पर किया जाता है। यह हितलाभ नियमानुसार विभिन्न चरणों में प्राप्त होता है। कंपनियाँ इस राशि का वार्षिक अंशदान स्वतंत्र बाह्य वास्तविक मूल्यन के आधार पर न्यासियों द्वारा नियंत्रित निधि में करती हैं।

ङ नियत हितलाभ प्रावधान लागत को प्रत्येक तुलनपत्र की तिथि पर वास्तविक मूल्यन के आधार पर अनुमानित यूनिट ऋण पद्धति के प्रयोग से निर्धारित किया गया है। वास्तविक लाभ/हानि को लाभ और हानि विवरण में तुरन्त शामिल कर दिया गया है और उन्हें स्थगित नहीं किया गया है।

ii. नियत अंशदान योजनाएं

बैंक 1 अगस्त, 2010 को या उसके बाद बैंक की सेवा में शामिल हुए सभी अधिकारियों/कर्मचारियों के लिए एक नई पेंशन योजना (एनपीएस) लागू की है, जो एक नियत अंशदान योजना है, और बैंक की सेवा में आने वाले ऐसे नए अधिकारियों/कर्मचारियों को विद्यमान एसबीआई पेंशन योजना के सदस्य बनने के लिए पात्र नहीं बनाया जा रहा है। इस योजना के अनुसार संबंधित कर्मचारी अपने मूल वेतन और महंगाई भत्ते का 10% इस योजना में अंशदान करता है और साथ में उतनी ही राशि बैंक द्वारा अंशदान की जाती है। संबंधित कर्मचारी की पंजीकरण प्रक्रिया पूरी होने तक, इन अशदानों की राशि को बैंक में जमाराशियों के रूप में रखा जाता है और भविष्य निधि शेष के चालू खाते में लागू होने वाली दर से इस राशि पर ब्याज अर्जित होता है। बैंक इन अंशदानों और इन पर दिए जाने वाले ब्याज को संबंधित वर्ष के खर्च के रूप में परिगणित करता है। स्थायी सेवानिवृत्ति खाता संख्या की प्राप्ति पर, समेकित अंशदान राशि को एनपीएस न्यास में अंतरित कर दिया जाता है।

iii. कर्मचारियों के अन्य दीर्घावधि हितलाभ :

क. समूह का प्रत्येक कर्मचारी प्रतिपूरित अनुपस्थितियों, रजत जयंती सम्मान और अवकाश यात्रा रियायत सेवानिवृत्ति लाभ और पुनर्वासन भत्ते का पात्र होता है । इस प्रकार की दीर्घावधि कर्मचारी हितलाभ की लागत का वित्तपोषण समूह इकाइयों द्वारा आंतरिक स्तर पर किया गया है।

ख. अन्य दीर्घावधि हितलाभ के प्रावधान की लागत का निर्धारण प्रत्येक तुलनपत्र की तिथि को बीमांकिक मूल्यन की अनुमानित यूनिट ऋण पद्धति के प्रयोग से किया गया है। पूर्ववर्ती सेवा लागत को लाभ और हानि विवरण में तुरन्त शामिल कर दिया गया है और उन्हें स्थगित नहीं किया गया है।

11.3 विदेश स्थित कार्यालयों/इकाइयों में नियोजित कर्मचारियों से संबंधित कर्मचारी लाभ का मूल्यांकन किया गया है और उसे संबंधित स्थानीय कानूनों/विनियमों के अनुसार लेखे में लिया गया है।

12. आय पर कर

समूह द्वारा भुगतान की गई वर्तमान कर तथा आस्थगित कर प्रभार की कुल राशि आय कर व्यय होता है। चालू वर्ष के कर तथा आस्थगित कर का निर्धारण आय कर अधिनियम, 1961 तथा लेखा मानक 22, जो आय पर कर के लेखा से संबन्धित है, ऐसा करते समय विदेश स्थित कार्यालयों द्वारा संबंधित देशों के कर नियमों के अनुसार भुगतान किए गए कर को भी शामिल किया जाता है। आस्थगित कर समायोजनों में वर्ष के दौरान आस्थगित कर आस्तियों या देयताओं तें हुए परिवर्तन भी समाविष्ट है। आस्थगित कर-आस्तियों और देयताओं का आकलन वर्तमान वर्ष के कर योग्य आय और लेखा आय तथा अग्रेनित हानि के बीच के अवधिगत विभेद के प्रभाव पर विचार करते हुए किया गया है।

आस्थगित कर आस्तियां और देयताएं को कर दर और कर नियमों द्वारा आंका जाता है जिसे तुलन-पत्र के दिन या उसके बाद अधिनियमन किया गया हो। आस्थगित कर आस्तियों और देयताओं में हुए परिवर्तन का प्रभाव लाभ और हानि खाते में प्रकट किया गया है। आस्थगित कर आस्तियों का अभिज्ञान प्रत्येक रिपोर्टिंग तिथि पर प्रबंधन के विवेक के आधार पर कि क्या उनकी वसूली हाने की संभावना है/होना निश्चित है।

समेकित वित्तीय विवरण में आय कर भुगतान मूल कंपनी और इसकी अनुषंगियों/संयुक्त उद्यमों के अलग वित्तीय विवरणों में उनके लागू नियमों के अनुसार दिखाई गई कर भुगतान की कुल राशियां है।

13. प्रति शेयर आय

13.1 बैंक आईसीएआई द्वारा जारी लेखा मानक 20 - 'प्रति शेयर आय' के अनुसार प्रति शेयर मूल और कम हुई आय रिपोर्ट करता है। प्रति शेयर मूल आय की गणना करोपरांत निवल लाभ (अल्पांश को छोड़कर) को उस वर्ष के लिए शेष ईक्विटी शेयरों की भारित औसत संख्या से विभाजित करके की जाती है।

13.2 कम की हुई प्रति शेयर आय यह प्रदर्शित करती है कि यदि प्रतिभूतियों अथवा अन्य संविदाओं को वर्ष के दौरान जारी करने या संपरिवर्तित करने का विकल्प लिया गया तो शेयर मूल्यों में कितनी कमी आएगी। कम की हुई प्रति शेयर आय की गणना वर्ष के अंत में बकाया ईक्विटी शेयरों की भारित औसत संख्या और कम संभावना वाले ईक्विटी शेयरों के बीच तुलना करके की जाती है।

14. प्रावधान, आकस्मिक देयताएं और आकस्मिक आस्तियाँ

14.1 भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान के लेखा मानक 29 ''प्रावधान, आकस्मिक देयताएँ और आकस्मिक आस्तियाँ'' के अनुसार जारी पिछले परिणाम से उद्भूत वर्तमान दायित्व होने पर ही बैंक प्रावधानों का समावेश करता है, यह संभव है कि दायित्व की चुकौती में आर्थिक लाभ को समाविष्ट करने वाले संसाधनों के बहिर्गमन की आवश्यकता पड़ेगी और तभी इस दायित्व राशि का विश्वस्त प्राक्कलन किया जा सकता है।

14.2 निम्नलिखित के लिए किसी प्रावधान का समावेश नहीं किया गया है

i. पिछले परिणाम से उद्भूत किसी सम्भावित दायित्व के लिए और बैंक के नियंत्रण से बाहर होने वाले एक या अधिक अनिश्चित भावी परिणामों की प्राप्ति या अप्राप्ति से जिसकी पुष्टि की जा सकेगी; अथवा

ii. किसी वर्तमान दायित्व के लिए, जो पिछले परिणामों से उद्भूत है, किन्तु उसका समावेश नहीं किया गया है, क्योंकि

क. यह संभव नहीं है कि दायित्व के निर्धारण में आर्थिक लाभों को समाविष्ट करने वाले संसाधनों का बहिर्गमन आवश्यक होगा; अथवा

ख. दायित्व राशि का विश्वस्त प्राक्कलन नहीं किया जा सकता।

ऐसे दायित्वों को आकस्मिक देयताओं के रूप में दर्ज किया गया है. इन दायित्वों का नियमित अंतरालों पर मूल्यांकन किया जाता है और ऐसे दायित्व के केवल उस अंश का, जिसके आर्थिक लाभों को समाविष्ट करने वाले संसाधनों के बहिर्गमन की संभावना है, नितान्त विरली परिस्थितियों, जिनमें कोई विश्वस्त प्राक्कलन नहीं किया जा सकता है, को छोड़कर प्रावधान किया गया है।

14.3 बैंक के डेबिट कार्ड को दिये जाने वाले रिवार्ड पॉईंट्स के लिए प्रावधान बीमांकिक के आकलन के अनुसार किया जा रहा है।

14.4 आकस्मिक आस्तियों को वित्तीय विवरणों में शामिल नहीं किया गया है।

15. बुलियन लेनदेन

बैंक अपने ग्राहकों को ब्रिकी करने के लिए बुलियन आयात परेषण आधार पर करता है जिसमें बहुमूल्य धातु बार की शामिल है। आयात पूर्णतया बैक टू बैक आधार पर किए जाते हैं और आपूर्तिकर्ता द्वारा उद्धृत इस मूल्य के आधार पर ग्राहकों के लिए इसका मूल्य निर्धारित किया जाता है। बैंक इस थोक बुलियन लेनदेन पर फीस अर्जित करता है। इस फीस को कमीशन आय की श्रेणी में रखा गया है। बैंक सोना जमा भी रखता है और उधार भी देता है। इन्हें यथास्थिति जमाराशियाँ अग्रिम माना जाता है और दिए गए/प्राप्त ब्याज को दिए गए ब्याज/आय की श्रेणी में रखा जाता है।

16. विशेष रिज़र्व:

आय और अन्य रिज़र्व में आयकर अधिनियम 1961 की धारा 36 (i) (viii) अंतर्गत सृजित विशेष सम्मिलित हैं। निदेशक बोर्ड ने एक संकल्प पारित करके रिज़र्व सृजन हेतु अनुमोदन किया है। उन्होंने इस बात की पुष्टि की है कि विशेष रिज़र्व हटाने की उनकी कोई मंशा नहीं है।

17. शेयर जारी करने के व्यय

शेयर जारी करने के व्यय शेयर प्रीमियम खाते में खर्च के रूप में दिखाए गए हैं।

अनुसूची 18
लेखा-टिप्पणियाँ:

1. उन अनुषंगियों/संयुक्त उद्यमों/सहयोगियों की सूची जिन्हें शामिल करके समेकित वित्तीय विवरण तैयार किए गए हैं:

1.1 समय निम्नांकित 30 अनुषंगियों, 8 संयुक्त उद्यमों और 20 सहयोगियों (मूल संस्था भारतीय स्टेट बैंक के साथ समूह में सम्मिलित) को शामिल किया गया है। समेकित वित्तीय विवरण तैयार करते समय जिसमें 18 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक वर्ष के दौरान उनके विलय/बहिर्गमन की संबंधित तारीख सेतक सम्मिलित है। :

क) अनुषंगियां

			समूह का हिस्सा (%)	
क्र सं.	अनुषंगी का नाम	निगमन-देश	चालू वर्ष	पिछला वर्ष
1)	स्टेट बैंक आफ बीकानेर एण्ड जयपुर	भारत	75.07	75.07
2)	स्टेट बैंक आफ हैदराबाद	भारत	100.00	100.00
3)	स्टेट बैंक आफ मैसूर	भारत	90.00	90.00
4)	स्टेट बैंक आफ पटियाला	भारत	100.00	100.00
5)	स्टेट बैंक आफ त्रावणकोर	भारत	79.09	78.91
6)	एसबीआई कैपिटल मार्केट्स लिमिटेड	भारत	100.00	100.00
7)	एसबीआई कैप सिक्युरिटीज लिमिटेड	भारत	100.00	100.00
8)	एसबीआई कैप ट्रस्टी कंपनी लिमिटेड	भारत	100.00	100.00
9)	एसबीआई कैप्स वेंचर्स लिमिटेड	भारत	100.00	100.00
10)	एसबीआई डीएफएचआई लिमिटेड	भारत	71.58	71.58
11)	एसबीआई म्यूचुअल फंड ट्रस्टी कंपनी प्राइवेट लिमिटेड	भारत	100.00	100.00
12)	एसबीआई ग्लोबल फैक्टर्स लिमिटेड	भारत	86.18	86.18
13)	एसबीआई पेंशन फण्ड्स प्रा. लिमिटेड	भारत	92.60	92.60
14)	एसबीआई एसजी ग्लोबल सिक्युरिटीज सर्विसेस प्रा. लिमिटेड@	भारत	65.00	65.00
15)	एसबीआई जनरल इंश्योरेंस कंपनी लि.@	भारत	74.00	74.00
16)	एसबीआई पेमेंट सर्विसेज प्रा. लि.	भारत	100.00	100.00
17)	एसबीआई कनाडा बैंक	कनाडा	100.00	100.00
18)	स्टेट बैंक आफ इंडिया (कैलेफोर्निया)	यूएसए	100.00	100.00
19)	एसबीआई (मॉरीशस) लि.	मॉरीशस	96.60	96.60
20)	पीटी बैंक एसबीआई इंडोनेशिया	इंडोनेशिया	99.00	99.00
21)	बैंक एसबीआई बोत्सवाना लि.	बोत्सवाना	100.00	100.00
22)	स्टेट बैंक ऑफ इंडिया सर्विसेस लिमिटाडा	ब्राजील	100.00	-
23)	एसबीआई कैप (यूके) लि.	यूके	100.00	100.00
24)	एसबीआई काड्र्स एण्ड पेमेंट सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड @	भारत	60.00	60.00
25)	एसबीआई फंड्स मैनेजमेंट प्रा. लि.@	भारत	63.00	63.00
26)	एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कं. लि.@	भारत	74.00	74.00
27)	कमर्शियल इंडो बैंक एलएलसी मॉस्को @	रूस	60.00	60.00
28)	नेपाल एसबीआई बैंक लि.	नेपाल	55.10	55.10
29)	एसबीआई फंड्स मैनेजमेंट (इंटरनेशनल) प्रा. लि. @	मॉरीशस	63.00	63.00
30)	एसबीआई कैप (सिंगापुर) लि.	सिंगापुर	100.00	100.00

@ ऐसी कंपनियाँ जो शेयरधारक करार के अनुसार संयुक्त नियंत्रण वाली इकाइयां हैं। फिर भी ये 'वित्तीय विवरणों का समेकन' से संबंधित एएस 21 के अनुसार समेकित की गई हैं क्योंकि भारतीय स्टेट बैंक की इन कंपनियों में 50% से अधिक हिस्सेदारी है।

ख) संयुक्त उद्यम

समूह का हिस्सा (%)

क्र सं.	अनुषंगी का नाम	निगमन-देश	चालू वर्ष	पिछला वर्ष
1)	सी-एज टेक्नोलॉजीस लिमिटेड	भारत	49.00	49.00
2)	जीई कैपिटल बिजनेस प्रोसेस मैनेजमेंट सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड	भारत	40.00	40.00
3)	एसबीआई मैकवेरी इंफ्रास्ट्रक्चर मैनेजमेंट प्रा.लि.	भारत	45.00	45.00
4)	एसबीआई मैकवेरी इंफ्रास्ट्रक्चर ट्रस्टी प्रा.लि.	भारत	45.00	45.00
5)	मैकवेरी एसबीआई इंफ्रास्ट्रक्चर मैनेजमेंट प्रा.लि.	सिंगापुर	45.00	45.00
6)	मैकवेरी एसबीआई इंफ्रास्ट्रक्चर ट्रस्टी लि.	बेरमुडा	45.00	45.00
7)	ओमान इंडिया जाइंट इन्वेस्टमेंट फंड-मैनेजमेंट कम्पनी प्रा. लि.	भारत	50.00	50.00
8)	ओमान इंडिया जाइंट इन्वेस्टमेंट फंड-ट्रस्टी कम्पनी प्रा. लि.	भारत	50.00	50.00

ग) सहयोगी

समूह का हिस्सा (%)

क्र सं.	सहयोगी का नाम	निगमन-देश	चालू वर्ष	पिछला वर्ष
1)	आंध्र प्रदेश ग्रामीण विकास बैंक	भारत	35.00	35.00
2)	अरुणाचल प्रदेश रूरल बैंक	भारत	35.00	35.00
3)	छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक	भारत	35.00	35.00
4)	इलाकाई देहाती बैंक	भारत	35.00	35.00
5)	मेघालय रूरल बैंक	भारत	35.00	35.00
6)	लांगपी देहांगी रूरल बैंक	भारत	35.00	35.00
7)	मध्यांचल ग्रामीण बैंक	भारत	35.00	35.00
8)	मिजोरम रूरल बैंक	भारत	35.00	35.00
9)	नागालैंड रूरल बैंक	भारत	35.00	35.00
10)	पूर्वांचल बैंक	भारत	35.00	35.00
11)	उत्कल ग्रामीण बैंक	भारत	35.00	35.00
12)	उत्तराखंड ग्रामीण बैंक	भारत	35.00	35.00
13)	वनांचल ग्रामीण बैंक	भारत	35.00	35.00
14)	सौराष्ट्र ग्रामीण बैंक	भारत	35.00	35.00
15)	राजस्थान मरुधरा ग्रामीण बैंक	भारत	26.27	26.27
16)	तेलंगाना ग्रामीणा बैंक	भारत	35.00	35.00
17)	कावेरी ग्रामीणा बैंक	भारत	31.50	31.50
18)	मालवा ग्रामीण बैंक	भारत	35.00	35.00
19)	दि क्लियरिंग कार्पोरेशन आफ इंडिया लिमिटेड	भारत	24.42	29.22
20)	बैंक आफ भूटान लि.	भूटान	20.00	20.00

क. अप्रैल 2015 के माह में, स्टेट बैंक ऑफ त्रावणकोर, जो भारतीय स्टेट बैंक की एक देशीय बैंकिंग अनुषंगी है, ने राइट इश्यू के तहत ₹10/- प्रति शेयर अंकित मूल्य के और ₹390/- प्रति शेयर प्रीमियम के हिसाब से ₹379.26 करोड़ की राशि के भारतीय स्टेट बैंक को 94,81,518 इक्विटी शेयर आबंटित किए और एसबीआई का हित बढ़कर 78.91% से 79.09% हो गया।

ख. मार्च 2016 के माह में, भारतीय स्टेट बैंक ने दि क्लियरिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लि. (एसबीआई की एक सहयोगी संस्था) में अपने 4.80% हित को बेच दिया जिसके बाद एसबीआई का हित घटकर 26.00% से 21.20% हो गया और समूह का हित घटकर 29.22% से 24.42% हो गया।

ग. "स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (बोत्सवाना) लिमिटेड" जो एसबीआई की एक विदेशी बैंकिंग अनुषंगी है, का नाम दिनांक 1 जुलाई 2015 से बदलकर "बैंक एसबीआई बोत्सवाना लिमिटेड" कर दिया गया है।

घ. "स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (कनाड़ा)" जो एसबीआई की एक विदेशी बैंकिंग अनुषंगी है, का नाम दिनांक 1 मार्च 2016 से बदलकर ''एसबीआई कनाड़ा बैंक'' कर दिया गया है।

ङ स्टेट बैंक ऑफ इंडिया सर्विसेस लिमिटाडा, जो एसबीआई की एक विदेशी बैंकिंग अनुषंगी है, ने वित्त वर्ष 2015-16 के दौरान अपने परिचालन शुरू कर दिए। इस प्रकार इसे समेकित वित्तीय विवरणों में शामिल किया गया है।

च. एसबीआई फाउंडेशन, (एक अलाभकारी कंपनी) ने 26 जून 2015 से कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 7(2) के अंतर्गत एसबीआई की एक अनुषंगी के रूप में कार्य करना शुरू कर दिया है जिससे कि समूह के सीएसआर कार्यकलापों पर ध्यान दिया जा सके। चूंकि यह एक अलाभकारी कंपनी है, इसलिए समूह के समेकित वित्तीय विवरण तैयार करते समय समेकन हेतु एसबीआई फाउंडेशन पर विचार नहीं किया गया है। अगस्त 2015 के माह में, एसबीआई ने ₹10 प्रति शेयर के अंकित मूल्य वाले 10,00,000 शेयरों के आधार पर 1 करोड़ रुपए की पूंजी लगाई है।

छ. एसबीआई होम फाइनैंस लि. जो एक सहयोगी संस्था है, जिसमें भारतीय स्टेट बैंक का हित 25.05% है, परिसमापन के अधीन है, इसलिए समेकित वित्तीय विवरणों में इस पर विचार नहीं किया गया है।

1.2 समूह के वित्त वर्ष 2015-16 के समेकित वित्तीय विवरणों में एक अनुषंगी (एसबीआई कनाड़ा बैंक) और 8 सहयोगियों (बैंक ऑफ भूटान लि. और 7 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक) के अलेखापरीक्षित वित्तीय विवरण शामिल हैं, जिनके परिणाम ज्यादा महत्वपूर्ण नहीं है।

2. शेयर पूंजी :

2.1 वर्ष के दौरान, एसबीआई ने भारत सरकार से ₹5393.00 करोड़ (पिछले वर्ष ₹2,970 करोड़) की आवेदन राशि प्राप्त की है जिसमें शेयर प्रीमियम के रूप में ₹5373.34 करोड़ (पिछले वर्ष ₹2959.95 करोड़) शामिल हैं जो भारत सरकार को आबंटित प्रति ₹1/- के 19,65,59,390 (पिछले वर्ष 10,04,77,012) इक्विटी शेयर के अधिमानी निर्गम के तहत प्राप्त हुई है। इक्विटी शेयरों का आबंटन 29 सितंबर 2015 को किया गया।

2.2 एसबीआई ने 31 मार्च 2015 को भारत सरकार से ₹2,970 करोड़, जिसमें ₹2,959.95 करोड़ की प्रीमियम राशि शामिल है, की आवेदन राशि प्राप्त की है। यह राशि भारत सरकार को आबंटित किए गए ₹1 प्रति शेयर अंकित मूल्य के 10,04,77,012 इक्विटी शेयरों के अधिमानी इश्यू के लिए प्राप्त हुई थी। इक्विटी शेयरों का आबंटन 1 अप्रैल 2015 को किया गया।

2.3 राइट इश्यू-2008 के भाग के रूप में दिनांक 16.07.2015 को प्रति ₹1/- के ऐसे 9,720 इक्विटी शेयर, जिनका आबंटन प्रास्थगित कर दिया गया था, जारी किए गए और ₹9,720 की राशि शेयर पूंजी खाते में और ₹15,35,760.00 की राशि शेयर प्रीमियम खाते में जमा की गई। प्रति ₹1 के शेष 8,21,030 (पिछले वर्ष प्रति ₹1 के 8,30,750 इक्विटी शेयर), जारी करने के बाद भी रोककर रखे गए हैं क्योंकि उनका हक विवादित या निर्णयाधीन है।

2.4 शेयर जारी करने से संबंधित खर्चः ₹8.66 करोड़ (पिछले वर्ष निरंक) शेयर प्रीमियम खाते में नामे किए गए।

3. लेखा मानकों के अनुसार प्रकटीकरण

3.1 कर्मचारी - हितलाभ

3.1.1 नियत हितलाभ योजनाएँ

3.1.1.1 कर्मचारी पेंशन योजना और ग्रेच्युटी योजना

निम्नतालिका में लेखा मानक-15 (संशोधित 2005) की अपेक्षानुसार नियत हितलाभ पेंशन योजना और ग्रेच्युटी योजना की स्थिति प्रदर्शित की गई है:

₹ करोड़ में

विवरण	पेंशन योजनाएँ		ग्रेच्युटी योजना	
	चालू वर्ष	पिछला वर्ष	चालू वर्ष	पिछला वर्ष
नियत हितलाभ - दायित्व के वर्तमान मूल्य में परिवर्तन				
1 अप्रैल 2015 को प्रारंभिक नियत हितलाभ दायित्व	**64,529.56**	**56,863.05**	**9,543.10**	**9,176.98**
वर्तमान सेवा लागत	1,360.54	1,561.91	256.26	219.45
ब्याज लागत	5,276.63	5,070.61	778.43	833.14
पिछली सेवा लागत (निहित हित लाभ)	निरंक	निरंक	0.03	(0.02)
बीमांकिक हानियां/(लाभ)	6,909.53	5,083.47	652.16	529.94
प्रदत्त हितलाभ	(2,665.72)	(2,146.26)	(1,331.74)	(1,216.39)
एसबीआई द्वारा प्रत्यक्ष भुगतान	(2,246.16)	(1,903.22)	निरंक	निरंक
31 मार्च 2016 को अंतिम नियत हितलाभ दायित्व	**73,164.38**	**64,529.56**	**9,898.24**	**9,543.10**
योजना आस्तियों में परिवर्तन				
1 अप्रैल 2015 को योजना आस्तियों का आरंभिक उचित मूल्य	**61,886.14**	**53,143.82**	**9,362.94**	**9,206.33**
योजना आस्तियों पर प्रत्याशित प्रतिलाभ	5,341.46	4,719.23	798.31	794.11
नियोक्ताओं द्वारा अंशदान	2,322.17	3,731.53	383.63	471.60
प्रदत्त हितलाभ	(2,665.72)	(2,146.26)	(1,331.74)	(1,216.39)
योजना आस्ति बीमांकिक लाभ/(हानियाँ)	(70.08)	2,437.82	36.58	107.29
31 मार्च 2016 को योजना आस्तियों के उचित मूल्य का इतिशेष	**66,813.97**	**61,886.14**	**9,249.72**	**9,362.94**
दायित्व के वर्तमान मूल्य तथा योजना आस्तियों के उचित मूल्य का समाधान				
31 मार्च 2016 को निधिक दायित्व का वर्तमान मूल्य	73,164.38	64,529.56	9,898.24	9,543.10
31 मार्च 2016 को योजना आस्तियों का उचित मूल्य	66,813.97	61,886.14	9,249.72	9,362.94
कमी/(अधिशेष)	6,350.41	2,643.42	648.52	180.16
लेखे में नहीं ली गई विगत सेवा लागत (निहित) इतिशेष	निरंक	निरंक	निरंक	निरंक
निवल देयता/(आस्ति)	**6,350.41**	**2,643.42**	**648.52**	**180.16**
तुलनपत्र में ली गई राशि				
देयताएँ	73,164.38	64,529.56	9,898.24	9,543.10
आस्तियाँ	66,813.97	61,886.14	9,249.72	9,362.94
तुलनपत्र में शामिल निवल देयता/(आस्ति)	6,350.41	2,643.42	648.52	180.16
शामिल नहीं की गई पिछली सेवा लागत (निहित) अंतिम शेष	निरंक	निरंक	निरंक	निरंक
निवल देयता/(आस्ति)	**6,350.41**	**2,643.42**	**648.52**	**180.16**
लाभ और हानि खाते में शामिल निवल लागत				
वर्तमान सेवा लागत	1,360.54	1,561.91	256.26	219.45
ब्याज लागत	5,276.63	5,070.61	778.43	833.14
योजना-आस्तियों पर प्रत्याशित प्रतिलाभ	(5,341.46)	(4,719.23)	(798.31)	(794.11)

